449. मोहन डनसेना, रजघट्टा – पहले अंग्रेजो ने भारत देश में शासन किया अब रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधो में हमारे किसान, बेरोजगार मजदूरो के लिये शासन करना चाह रहे है जिसमें हमस ब मिलकर इन कंपनी वालो को खदेड़ना चाहिये ताकि आने वाली पिढ़ी, हमारे बाल–बच्चे सही सलामत रहे ताकि किसी प्रकार की बीमारियां या दुर्घटना ना हो जिसे लोग अभी मिलकर जिस तरह महात्मा गांधी ने अकेले अपने

लाठी के दम पर अपने सामाजिक को लेकर भारत देश में अग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़ी उसी तरह हम सभी इकट्ठा होकर उद्योग धंधो को जड़ से खतम करना चाहिये और साथ में मिलकर आवाज उठाना चाहिये।

450. डमरूधर, सराईपाली – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

451. मोहरसाय पटेल – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

452. अर्जुन लाल डनसेना, चपले – जब जनसुनवाई की घोषणा जनता तक फैली तब पुरे जनता अपने क्षेत्र के तहस–नहस का दृष्य लगभग उनके ऑखो के सामने दिख रहा है। इसलिये यह किसी भी सुरत से यहा सार कंपनी का स्थापित होना क्षेत्रवासियों के लिये बहुत ही दुःखदायी भविष्य के लिये दिख रहा है। अतः क्षेत्र के खुशहाल के लिये मैं यह कहना चाहूंगा कि किसी भी सुरत से ये कंपनी स्थापित नहीं होना चाहिये। वैसे तो हमारे बीजेपी के युवा मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष जी भी इस पर बोल चुके है कि भोले–भाले आदिवासियों का जमीन हड़प लिया जाता है और क्षेत्रवासियों का कोई सुनवाई नहीं है खाली खानापुर्ति जनसुनवाई किया जाता है तो विशेषकर यह जो जनसुनवाई हो रही है सार कंपनी का मैं कड़ा विरोध करता हूॅ।

453. लक्ष्मीन चौहान, चपले – कंपनी का विरोध है। हमे धुआं नहीं खाना है।

454. विजय कुमार पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

455. आप बैठे है उसके पिछे राम मंदिर है, ये जो प्लांटे है धोखाधड़ी करके रजिस्ट्री करवाये ये सब फाईले है मेरे पास, जमीन का नंबर है, दलाल लोग खा लिये है पैसा, 04 गुना पैसा देंगे और नौकरी देंगे बोले थे, मैं कलेक्ट्रेड में जाकर एक दिन बैठा था पेड़ के नीचे में आप मीटिंग में थे मंगलवार का दिन था, नौकरी देने का दिलासा दिये थे, दलालो ने खाया, दलाल था रोशन पटेल, सांगीतराई का सरपंच है अभी। आप जहां बैठे है पिछे मुड़कर देखे राम मंदिर है उसको भी बनवायेंगे करके बोले थे वो भी आज तक तैयार नहीं हुआ, नौकरी देंगे करके बोले थे। इतना रिकार्ड है, नंबर है आपके पास मैं कलेक्ट्रेड में पेश कर दूंगा और मैं समर्थन नहीं करता हूॅ।

456. टेकचंद पटेल, पामगढ़ – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

457. लालाराम पटेल, पामगढ़ – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

458. हरिधर पटेल, चपले – हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, लोहा का कटोरा नहीं बनना चाहिये मैं पूर्ण विरोध करता हूॅ।

459. विनोद कुमार पटेल, पामगढ़ – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

460. अनंत कुमार राठिया, पामगढ़ – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

461. पंकज कुमार पटेल, पामगढ़ – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

462. श्याम सुंदर पटेल, चपले – अगर आदमी को जीवन जीना है तो कंपनी का समर्थन नहीं करना है और मरना है तो कंपनी का समर्थन करें। मैं इस खरसिया विधानसभा के जनप्रतिनिधि हमारे विधायक उमेश पटेल जी अगर मानलो चाहे कि हम कंपनी नहीं खोलना चाहते है तो कंपनी नहीं खुलेगा, अगर वो चाहते है खुलना तो वो खुलेगा क्योंकि वो गरीबो का मशीहा है और किसानों का मशीहा है और जनप्रतिनिधि है उनका उत्तरदायित्व बनता है जनता के प्रति की वो यहा विरोध प्रकट करे।

463. श्यामलाल पटेल, चपले – यहा कंपनी नहीं होना चाहिये प्रदूषण बहुत ज्यादा होता है। अभी जो कंपनी यहा बैठी हुई है तो आवागमन में जनता का दुर्घटना हो रहा है तो कंपनी यहा बिलकुल नहीं होना चाहिये।

464. उत्तरा कुमार डनसेना – इस कंपनी का पुरजोर विरोध करता हूँ, हम लोगो को कोयला नहीं खाना है, अन्न खाना है। कोयला के चलते हमारा मिट्टी बरबाद हो जा रहा है।

465. दीनदयाल पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है। हमारे पूर्वज किसान थे और मैं भी किसान का बेटा हूँ, हम अन्न खाते और आने वाली पिढ़ी भी अन्न खायेगी, लोहा नहीं खायेंगे। आगे की पिढ़ी को देखते हुये हमारे आने वाले पिढ़ी के लिये इस क्षेत्र को सुसज्जित वातावरण रखने के लिये कंपनी नहीं चाहिये हमे। स्वच्छ पानी, स्वच्छ हवा, स्वच्छ पर्यावरण चाहिये। भुपेश बघेल का कंपनी खोलने में महत्वपूर्ण योगदान है, चाहे तो वो कंपनी को रोक सकता है लेकिन आने वाले चुनाव को देखते हुयें उसके पाकिट में पैसा जमा हो गया है। उद्योग लगा–लगा कर पैसा इकट्ठा कर रहा है ताकि आने वाले चुनाव में छत्तीसगढ़ को कंगाल कर सके।

466. पितांबर डनसेना, बेंदोझरीया – कंपनी का विरोध है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और केन्द्र में मोदी की सरकार है ये दोनो चिट और पट है ये दोनो इस क्षेत्र को और हमारे प्रदेश को बरबाद कर रहे है। ये नाला का पानी जा रहा है पीने के लिये, खेती करने के लिये, उमेश पटेल से बात करता हूँ मैं मेरे को जवाब देते है, अगर यह कंपनी बैठेगा तो निश्चित है चिट होगा या पट होगा या अंटा में हमसे ले जायेंगे लेकिन कंपनी का हम पुरजोर विरोध करते है, जनता से पुरा विरोध करने के लिये लक्ष्य बनायेंगे और मैं तो यही चाहता हूँ क्योंकि कलेक्टर मैडम भी यहा है, वो गरियाबंद की है, मैं चाहता हूँ रायगढ़ जिला में वो कलेक्टर है तो वो इस कंपनी को गरियाबंद ले जाये। मै अगर मोदी होता तो मैं इसे 24 घंटा भी नहीं लगेगा 24 मीनट में समाप्त कर दूंगा। रोजगार दूंगा बोलता है कंपनी आने के पहले मैं भी मोनेट गया था मेरा उम्र 54 साल है मुझे क्यों नौकरी नहीं मिला आज तक, ये कंपनी वाले बेईमान है जो विरोध करता है जयलाल सिंह था यहा का उसको मरवा दिया गया, जो अच्छा बोलता है उसको मरवा दिया जाता है।

467. मूलचंद पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

468. रूपेन्द्र डनसेना, चपले – कंपनी का विरोध है।

469. केप्टन सिंह राठिया, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

470. कमलेश कुमार पटेल, चपले – जो पहले जनजीवन था 100 प्रतिशत सही तरीके से चल रहा था अभी कंपनी के धुआ, धूल, डस्ट से हमारा जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। इस कंपनी का मैं पूर्ण रूप से विरोध करता हूँ।

471. डमरूधर राठिया – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

472. मेघना – कंपनी का विरोध है।

473. रामवती राठिया – कंपनी का विरोध है।

474. गुलापी राठिया – कंपनी का विरोध है।

475. श्यामलाल राठिया, चपले – आज जो सिविर लगा है जनसुनवाई में उसमें मैं भी एक शिकायत करने के लिये आया हूँ सर्वप्रथम तो मैं यही कहुंगा ये जो जमीन है मैं एक आदिवासी हूँ इसमें मेरा पौने 6 एकड़ जमीन गया है इस पौने 6 एकड़ जमीन में जितने वृक्ष लगे हुये है जो आपको सामने दिखाई दे रहा है वहा तक मेरे को मुआवजा नहीं मिला है। हम लोग भोले–भाले आदिवासी है हम लोग डरते है, कंपनी वालों से भी भयभीत लगता है कही फस ना जाये करके। नजदीक में भी मेरा खेत है जिसमें मेरा 30–35 डिसमिल के आस–पास है, इसके बाद मेरे पास कोई जमीन नहीं है। तो इसमें आज जैसे कंपनी आ रहा है इसमें धुल, मिट्टी, कंकड़ जो भी मिल रहा है हम लोगो को खेती किसानी के लिये उसमें उपजाऊ नहीं हो रहा है। हम स्वतंत्र रूप से काम करेंगे तो उसमें हम लोगो को फायदा होगा, इसमें रेल्वे क्रास होकर पानी आ रहा है तो उसमें पुरा कोयला का पानी आ रहा है उसमें हमारा उपजाउ भूमि पुरा नष्ट हो रहा है। इसमें हम लोगो का नुकशान हो रहा है, पर्यावरण की दृष्टि से भी नुकशान हो रहा है इस प्रकार कंपनी का मैं पूर्ण रूप से विरोध करता हूँ।

476. आज हमारे इस चपले और कुनकुनी, बड़े डुमरपाली, छोटे डुमरपाली, रजघटा, रानीसागर, खैरपाली, बेंदोझरिया, आमापाली के बीच में आज इस सार स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड जो की बहुत बड़ा भारत देश का बड़ा उद्योग है, बड़ा स्टील प्लांट है जो आज हमारे बीच में अपना जनसुनवाई करा रहा है इस जनसुनवाई इस क्षेत्र के अधिकतर लोग इसका विरोध करते है। इसके बैठने से हमारे क्षेत्र पुरी तरह से प्रदूषित हो जायेगा हवा, पानी, मिट्टी और इस क्षेत्र में दुर दराज से लोग आयेंगे तो अपराध भी बढ़ जायेगा। नदी, नाला, पर्यावरण हर चिज प्रदूषित हो जायेगा। प्रदूषण से हमारे क्षेत्र में बीमारियां फैलेंगी, बड़े–बड़े असाध्य रोग फैलेंगे, तो हम चाहते है इस क्षेत्र के हम ज्यादातर नागरिक चाहते है की सार स्टील कंपनी को हम बिलकुल यहा एक इंच भी जमीन नहीं देंगे। हम इसका पुरजोर विरोध करते है। हमारे क्षेत्र में इतने सारे कंपनिया तो लगी है वो हमको लालच देकर, रोजगार देंगे करके युवाओं को बरगला करके हमें झाडु मरवाने का काम करवा रही है। हम इसका विरोध करते है। हमारा भविष्य आने वाले साल में मिट्टी में मिल जायेगा।

477. – यहा प्लांट नहीं लगना चाहिये, कंपनी का विरोध है।

478. मिनकेतन कुमार पटेल, चपले – मैं कंपनी का कड़ा विरोध करता हूँ। कंपनी के आने के बाद किसी का विकास नहीं होता खास करके आस–पास के क्षेत्रवासियों का। आस–पास के लोगो को नौकरी दिलाने के बहाने पैसा देकर समर्थन के लिये बोलते है, जितने भी आये है सभी बाहरी लोग है। मैं इसका विरोध करता हूँ।

479. हीरालाल पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

480. गुड्डन सिंह डनसेना – इसमें 11 पंचायत और 22 गांव का जिसमें जो राष्ट्रीय पशु–पक्षी पानी पियेंगे वो भी नहीं पी सकेंगे, औयर यहा दिन ब दिन एक्सिडेंटल घटना हो रहा है, आज दो–तीन दिन पहले 4 जवानों का मौत हुआ है और ये जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और हम ये सार स्टील प्रा. लिमिटेड कंपनी को हम नहीं चाहते है, हम विरोध करते है क्योंकि आज हमारा ये डुमरपाली, चपले, नवागांव ये जो 10–11 पंचायत 22 गांव में आज जो एक्सिडेंटल घटना हो रहा है आज हमारे बच्चो, बच्ची रायगढ़, खरसिया, चपले जा रहे है, बेमौत मासूमों का दुर्घटना हो रहा है और यहा का जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण नष्ट हो रहा है और मैं चाहता हूँ कि हमारे इस वेदांता कंपनी के अंडरग्राउण्ड में ये सार स्टील कंपनी प्रा. लिमिटेड नहीं चाहिये और ये जितने भी बाहर से आये कंपनी के समर्थन में साथ दिये है ये हमारे लिये एक व्यवस्था है लेकिन हम जितने जो 10–11 पंचायत के और ये 22 गांव के है आज जल प्रदूषण हो रहा है, खेती में आज कोयला की खेती हो रहा है, आज ये राष्ट्रीय पशु–पक्षी हमारे गाय, बैल, भैसे पानी को पी नहीं सकते और हम लोग टी.बी., कैंसर ये कोरोना वॉयरस से बढ़कर ये जघन्य बीमारी से परेशान हो रहे है। हमें ना नौकरी चाहिये, ना पैसा चाहिये हमें धरती मॉ ही बलिदानी है, हमें बस विरोध चाहिये, हम सार स्टील प्लांट यहा नहीं चाहते है हम सभी उसके विरोध में है।

481. युवराज कुमार पटेल – कंपनी का विरोध है।

482. संजय पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

483. सुनील पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

484. नरोत्तम कुमार, चपले – कंपनी का विरोध है।

485. मुरलीधर निषाद, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

486. भुषण कुमार राठिया, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

487. महेत्तर प्रसाद डनसेना, बड़े डुमरपाली – कंपनी का विरोध है।

488. रूकमणी डनसेना, बड़े डुमरपाली – कंपनी का विरोध है।

489. भुपेन्द्र पटेल, चपले – आज यहा ये जो कंपनी एक्सटेंट हो रही है ग्रामपंचायत चपले, कुनकुनी इसका दुषपरिणाम देख सकते है आप परसो मेरे समाज के तीन युवा खतम हो गये आपके प्लांट के ही वाहनों से और आज विरोध प्रदर्शन मेरे समाज का आदमी वरिष्ठ गौरीशंकर पटेल जी दर्रामुड़ा से हृदयघात से उनकी

मृत्यु हो गई ऐसे कितने बलिदानी लेंगे आप लोग मुझे समझ नहीं आ रहा है, ये वेदांता आई ये कम है क्या इसके प्रकोप से लगभग साल दो साल पहले गेट के सामने मेरे समाज के दो लोग चपले से मारे गये इस वाहन से उस परिवार की भरपाई कौन करेगा, एक मॉ का बेटा कौन लाकर देगा, एक पत्नी का पति लाकर कौन देगा, एक बच्चे का पिता लाकर कौन देगा, क्या ये कंपनी लाकर देगी। अभी ललित भैया बढ़िया बात बोले, मिनकेतन जी बढ़िया बात बोले कि ये कंपनी कही भी जाकर एक्सटेंट कर लेगी, कही भी जाकर पैसा कमा लेगी लेकिन आम जनता का क्या होगा जो जीव–जन्तु बलिदानी दे रहे है, मर रहे है वो तो अलग है। सरकार कह रही है कि चाहे वो केन्द्र सरकार चाहे वो राज्य सरकार हो कि प्रदूषण बचाओ, प्रदूषण रोको। हमारे मोटर–साईकिल से धुआं निकलता है उसी से प्रदूषण होता है क्या, हम प्रदूषण प्रमाण–पत्र लेकर घुमते है, आपके प्लांट से निकलने वाले प्रदूषण से प्रदूषण नहीं होता है क्या, बिलकुल होता है और ये बिलकुल गलत है। आज एक आम आदमी के लिये धरती मॉ का कितना महत्व है। आज के इस सार के आने से इस क्षेत्र में प्रदूषण होगा उससे कितने लोगो का अकाल मृत्यु होगा चाहे वाहन से होंगे या प्रदूषण से होंगे, इसका देनदार कौन होगा। आज हर परिवार से कोई ना कोई सड़क दुर्घटना में मारे जा रहे है और जो सड़क है खुन से लतपत और लाल हुये जा रही है, इसका हर्जाना कौन देगा। आज चाहे वो केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार हो आज जो ये व्यवस्था बनाई है जनसुनवाई की आज जनता महत्व है या कंपनी का आनर महत्व है सरकार के लिये, समझ से परे है आज यहा चपले, कुनकुनी यहा के आस–पास के जितने भी ग्रामपंचायत के लोग है उसके अलावा लोगो को ट्रक में, ऑटो में, रिक्शा में, पिकअप में, ट्रैक्टर में भर–भर कर लाया गया है, खरीद कर लाया गया है, जमीन खरेदे, लोग खरीदे और क्या खरीदेंगे। लोगो के ट्रक के नीचे मर रहे है उनके जांन को खरीदे है और क्या खरीदेंगे, जनता विरोध कर रही है और विरोध करेंगे। हमें पता है हमारे विरोध करने से कुछ नहीं होगा ये एक छलावा है, दिखावा है। अगर जनता का महत्व है सरकार के नजरों में, भारत में, हिन्दुस्तान में तो बिलकुल ये सार को रोकना होगा।

490. परमेश्वर राठिया, कुनकुनी – हमारा गांव में कोयला ही कोयला हो गया है, हमारें गांव के लोग मर रहे है रोड में।

491. मायाराम राठिया, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

492. जनहित का कार्य करते थे जिनका हृदयाघात से मौत हो गई ।

493. ग्राम कुनकुनी के सार कंपनी के जनसुनवाई में जनहित में मेरे पिताजी श्री गौरीशंकर पटेल के मृत होने बाबत। विनम्र निवेदन है कि मेरे पिताजी श्री गौरीशंकर पटेल, ग्राम–दर्रामुड़ा जो की कुनकुनी सार कंपनी के जनसुनवाई में जनहित के लिये जनसुनवाई सिविर में आयोजित हुआ था जिससे सिविर में आकश्मिक हृदयघत आने से उनकी मृत्यु हो गई है। अतः जनसुनवाई के पीठासीन अधिकारी से और प्लांट प्रबंधन से

विनम्र प्रार्थना है कि दिवंगत के परिवार को 25 लाख की मुआवजा राशी देने की कृपा करें। और मैं भी कंपनी का विरोध करता हूँ।

494. परमेश्वर पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

495. हरिप्रसाद डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

496. संजय पटेल, रानीसागर – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

497. दीक्षण पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

498. – मैं काम से सहमत हूँ और मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

499. सतीश कुमार डनसेना, कुनकुनी – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

500. सोनू कुमार पटेल – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

501. दिलेश्वर बंजारे, कुनकुनी – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

502. अमर लाल – कंपनी का विरोध है।

503. डिलेश्वर, कुनकुनी – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

504. दीपक कुमार चौहान, कुनकुनी – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

505. कमल डनसेना – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

506. कृष्णा दिवान – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

507. दिनदयाल – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

508. कन्हैया सिंह – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

509. अलेख पटेल – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

510. पप्पू डनसेना – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

511. अनिल कुमार चौहान – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

512. नीरज कुमार राठिया – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

513. नीतेश– मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

514. मनो – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

515. नरेश भारद्वाज – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

516. – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

517. रमेश यादव – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

518. विरा महंत – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

519. अभिषेक वर्मा – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

520. मिनकेश यादव – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

521. रूद्रा खुंटे – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

522. गोलू यादव – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

523. मेहत्तर, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

524. मोहन – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

525. देवचरण – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

526. चैतन कुमार डनसेना, छोटे डुमरपाली – आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि जो यहा 12 गांवों का लिखा हुआ उसी का मान्य किया जाये और बाहर से आकर मैं समर्थन करता हूँ, समर्थन करता हूँ बोल रहे है इस तरह से इनका समर्थन नहीं लिया जाये। इस कंपनी का मैं पूर्ण रूप से विरोध कर रहा हूँ क्योंकि यहा पर आये दिन आने–जाने वाले सभी लोगो को धुल, डस्ट वेदांता साईडिंग से सामना करना पड़ रहा है और उसी के चलते यहा पर लोगो का जिंदगी आये दिन एक्सिडेंट के रूप में सभी को देखने को मिल रहा है। जमीन तो बचेगी ही नहीं जब आप ये कंपनी बैठा देंगे लोग क्या खायेंगे, सब जमीन बंजर हो जायेगा धुल डस्ट से, सास लेने में भी तकलीफ होगा और पानी तो पीने योग्य रहेगा ही नहीं तो आदमी क्या खायेगा, किस तरह से जीवन यापन करेगा, लोहा को तो चबा नहीं सकता और पत्ता–पत्ता, डाली–डाली जिस गांव में कंपनी कदम रख डाली उस गांव में रहने वाले लोगो की जिंदगी खराब कर डाली, सच्चाई के राहो पर कभी नहीं डरते है इस सार स्टील कंपनी का खुल कर विरोध करते है।

527. रविशंकर पटेल, खैरपाली – पर्यावरण संबंधित जनसुनवाई सार स्टील पॉवर लिमिटेड के साथ–साथ मैं वेदांता कोल वॉशरी एण्ड लाजिस्टिक के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूँ और दोनो का विरोध करता हूं। ग्राम–कुनकुनी, तहसील–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) में सार स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड सतह वेदांता वॉशरी एण्ड लाजिस्टिक का हम निम्न कारणो से विरोध करते है। जिस जगह पर प्लांट स्थापित हो रहा है वर धान उत्पादन का विख्यात क्षेत्र है, कंपनी स्थापित होने से धान उत्पादन में हजारो टन पैदावार में कमी आयेगा इसका जिम्मेदार ना तो शासन रहेगा ना तो प्रशासन रहेगा और देश में अन्न का कमी होगा। यह कि इस क्षेत्र में प्लांट स्थापित होने से पुरे क्षेत्र के आस–पास के गांव के शुद्ध वातावरण प्रदूषित हो जायेगा और हमेशा बीमार पड़ने की आशंका है एक तो ऐसे भी धुल, डस्ट से हम ग्रसित व्यक्ति है। यह कि इस क्षेत्र में प्लांट स्थापित होने से भू–जल स्तर और नीचे चले जायेगा इससे गांव वासियों को पेयजल की संकट का सामना करना पड़ेगा। यह कि प्लांट स्थापित होने से इस क्षेत्र की उपचाउ भूमि फसल धुआं एवं डस्ट से प्रभावित होगा, कारण प्रदूषण नियंत्रण में कृषि का एक महत्वपूर्ण स्थान रहता है। यह कि जिस स्थान पर प्लांट स्थापित हो रहा है वहा से मात्र 02 किलोमीटर की दूरी पर इस क्षेत्र की एक मात्र कन्या आश्रम विद्यालय है जहां से दूरस्त अंचल की आदिवासी रहकर शिक्षा अर्जित करती है तथा आस–पास के सभी प्रभावित गांव में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, उच्चतर माध्यमिक शाला स्थापित है जिस पर

बालक–बालिकाओं की शारीरिक, मानसिक एवं बौधिक विकास पर कंपनी की धुआं एवं डस्ट से तथा ध्वनि प्रदूषण से शैक्षणिक कार्य में हमेशा बाधा उत्पन्न होगा। यह कि प्लांट स्थापित होने पर अन्य प्रांतो के कर्मचारियों के आने से यह क्षेत्र भय मुक्त रहने के बजाय भय युक्त क्षेत्र हो जायेगा। अतः मैं कंपनी का विरोध करता हूँ। यह कि इस क्षेत्र से लगा हुआ राबर्टशन कोल साईडिंग व वेदांता कोल साईडिंग के भारी वाहनों के आवागमन से क्षेत्र की जनता दुर्घटना का शिकार होते आ रहे है, वह बिना मौत के मारा जा रहा है और प्लांट स्थापना होने से भारी वाहनों में वृद्धि हो जायेगा इससे दुर्घटना का हमेशा भय बना रहेगा। यह कि उक्त प्लांट के लिये पानी की व्यवस्था हाई पॉवर बोर खनन से किया जाना है। गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र की बोरिंग ऐसे भी सुख जाती है जिससे इस क्षेत्र को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। अतः प्लांट में बोर खनन कर पानी लेने से संकट और गहरा जायेगा। यह कि इस क्षेत्र में हमारे राष्ट्र के अमूल्य धरोहर वन्य जीव–जन्तुओं के द्वारा भय मुक्त विचरण करने का एक मात्र पसंदीदा क्षेत्र है। इस क्षेत्र में भालू, जंगली सुअर, लकड़बग्घा, लोमड़ी, खरगोश तथा वानर और लंगुर व छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय पक्षी पहाड़ी मैना बहुसंख्यक निवास करते है, जहां प्लांट स्थापित होने से समाप्त हो जायेगा, इस क्षेत्र से लुप्त हो जायेंगे। मैं पुछना चाहता हूँ शासन, प्रशासन व कंपनी के द्वारा इनके लिये कही अन्य अभ्यारण्य बनाया गया है क्या। महोदय इस स्थान पर सार स्टील व वेदांता वॉशरी स्थापित हो रहा है उससे इस क्षेत्र की जीवनदायिनी बारामासी नाला इसको दंतार नाला कहते है इस पर ग्राम कुनकुनी, चपले, बेंदोझरिया, खैरपाली, टेमटेमा व पण्डरीपानी के लोगो की बारामासी निस्तार का एकमात्र जल संसाधन है। यह कि प्लांट स्थापित होने से धुआं एवं डस्ट से पानी अनुपयोगी हो जायेगा व निस्तार हेतु पानी की भारी समस्या हो जायेगा तथा उद्योगपति लोग उक्त बारामासी नाला को अपना गंदा पानी निकासी के लिये गटर नाला में तबदील कर देंगे। यह प्लांट स्थापना की स्वीकृति आम नागरिकों की मनसा के विपरित है इसे आस–पास के सभी प्रभावित गांव में ग्रामसभा की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिये। उक्त प्लांट वेदांता वॉशरी में मात्र 80 व्यक्तियों को मिलने एवं सार स्टील पॉवर लिमिटेड में 400 कुशल एवं अर्धकुशल व्यक्तियों को रोजगार मिलने की उम्मीद है लेकिन गारंटी नहीं है लेकिन आस–पास के हजारो लोगो को धुआं एवं डस्ट से प्रदूषित वातावरण मिलेगा व कई बीमारियां उन्हे मुक्त मिलेगा। यह प्लांट स्थापित होने से सार स्टील के द्वारा 16,750 पेड़ लगाने के लिये संमाघात पुस्तिका में लिखा गया है लेकिन प्लांट स्थापना करने के पूर्व ये कई छोटे–बड़े पेड़ो को काटकर पर्यावरण का बलि दिया जायेगा यह नहीं लिखा गया है। अतः प्लांट स्थापना का मैं विरोध करता हूँ। ग्रामपंचायत कुनकुनी, ग्रामपंचायत खैरपाली, ग्रामपंचायत बसनाझर एक विशाल पर्वत से ढला है जहां वन्य जीव जन्तुओं के साथ–साथ प्राकृतिक झरना व एतिहासिक गुफा है व बसनाझर पर्वत पर शैल चित्र व शिलालेख है जिसे देखने के लिये अन्य जिले से एवं राज्य से पर्यटक आते है। प्रदूषित जलवायु होने से कोई भी पर्यटक पर्यटन के लिये नहीं आयेगा। अतः निवेदन है कि यह जनसुनवाई को निरस्त किया

जाये। समाघात पुस्तिका में इस क्षेत्र का दैनिक न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस से 24.5 डिग्री सेल्सियस लिखा गया है लेकिन हकिकत में यह है कि इस क्षेत्र में 10 डिग्री सेल्सियस से 46 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान रहता है जो कि प्लांट के लग जाने से और अधिक तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। सार स्टील एवं पॉवर से प्रभावित सभी साथियों व सार्वजनिक संस्था का उल्लेख संघात पुस्तिका में नहीं किया गया है जो कि सरासर गलत है। मैं आपसे निवेदन कर रहा हूँ कि इस प्लांट से अनेक सार्वजनिक उपकरण प्रदूषण की चपेट में आयेंगे जिसमें 11 ग्रामपंचायत, 20 आश्रित ग्राम, 50 आंगनबाड़ी केन्द्र, 27 प्राथमिक शाला, 15 माध्यमिक शाला, 04 हाई स्कूल, 03 हायर सेकेण्डरी स्कूल, 01 महाविद्यालय, 05 प्राईवेट स्कूल, 01 आदिवासी बालिका आश्रम, 01 आदिवासी बालक का आश्रम, 12 उचित मूल्य की राशन दुकान, 13 शासकीय गोठान, 01 गौशाला, 05 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 01 रेल्वे स्टेशन, 01 ग्रामीण बैंक, 10 तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र, 04 कृषि कार्यालय, 03 धान खरिदी केन्द्र जिसे हम टी. एस.एस. कहते है व 02 प्राकृतिक झरना, 02 पर्यटक स्थल है, 02 जलाशय बांध है इनका भविष्य खतरे में है। अतः स्थल पर उद्योग लगाना जनहित में नहीं है, अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि इस प्लांट स्थापना का विरोध और असहमति प्रगट करता हुआ अपना आपत्ति प्रस्तुत करता हूँ।

528. जीवनलाल जायसवाल, खैरपाली – मेरा निवेदन है कि जनता के हित में काम हो।

529. हीरालाल पटेल, चपले – आज यहा जनसुनवाई हो रहा है और देखा जाये तो यहा जन भावना के खिलाफ जनसुनवाई हो रहा है। हमारा क्षेत्र पहले से ही 03 प्रकार के पॉवर प्लांट से घिरा हुआ है। प्रदूषण में खरसिया विधानसभा में हमारा क्षेत्र नंबर 01 पर है। छत्तीसगढ़ कृषि उत्पादन में अव्वल है, कृषि क्षेत्र जो भूमि है धीरे–धीरे अनुपयुक्त होते जा रही है, पहले से वर्षा भी कम होते जा रही है। सभी कारखानों में स्थानिय जो मजदुर है उनकी स्थिति दयनिय बनी हुई है और यहा भी रोजगार का भ्रम फैलाया जा रहा है वो तथ्य योग्य नहीं है ये भ्रम है कि यहा स्थानिय लोगो को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट एन.एच. रोड में लगने जा रहा है जहां पहले से ही 2020–21 में हम देखते आ रहे है कि कई युवाओं ने अपने प्राण दिये है अभी परसो ही 04 युवको का एक्सिडेंट हुआ है जिसमें 03 साथी की मृत्यु हो गई इसलिये खतरा और आगे बढ़ेगा। जनसुनवाई को सफल बनाने के लिये धन बल का उपयेाग किया जा रहा है और यह जांच का विषय है तो मैं आपसे निवेदन करूंगा की इसके लिये आप एक कमेटी बनाये और जो पैसा उपयोग हुआ है जनसुनवाई को सफल बनाने के लिये उसकी आप जांच करे। आप सभी जनभावनाओं का आदर करे और जनभावनाओं के आदर को देखते हुये इस जनसुनवाई को निरस्त करें। यह प्लांट नहीं लगना चाहिये इसके लगने से आगे चलकर हमारा युवा भविष्य को खतरा है, आने वाले समय में अन्य अनेक प्रकार की बीमारियां से हम और घिर जायेंगे। अभी हम देख रहे है कि हमें एक नई बीमारी का सामना करना पढ़ रहा है, पहले के समय 60–65 तक किसी को हार्ट अटैक नहीं होता था किसी की 03 अटैक से पहले मृत्यु नहीं होती थी लेकिन

अभी 35–40 साल के युवाओं को फस्ट अटैक में ही मृत्यु हो जा रही है कही ना कही इसके लिये प्लांट जिम्मेदार है जो हमारा पर्यावरण में प्रदूषण फैल गया है, स्तर जो बढ़ गया है वो जिम्मेदार है तो मैं इसका विरोध करता हुं।

530. छेदीलाल रोठिया – कंपनी का विरोध है।

531. धर्मेन्द्र, चपले – प्लांट का पुरे तरह से विरोध करता हूँ। मैं आपको 02–03 प्वाईंट पर अवगत कराना चाहुंगा जो भी अगर समर्थन रहे रहे है उनका प्वाईंट केवल रोजगार है, लेकिन रोजगार केवल कुछ ही लोगो को मिलेगा। अभी प्लांट बैठाना है तो बोलते है केवल स्थानिय लोगो को रोजगार दिया जायेगा लेकिन जब प्लांट सुरू होता है तो कुछ ही लोगो को रोजगार दिया जाता है फिर पुरे प्लांट में बाहर से लोगो को भरा जाता है और जिन लोगो को मिल भी जाता है उन लोगो को प्लांट का पालिसी है जैसे पेमेंट बहुत कम लगायेंगे, 8000, 10000, 15000 से ज्यादा नहीं लगायेंगे वही काम अगर कोई बाहर से करता है तो उनका 03 गुना, 04 गुना उनका पेमेंट रहेगा लेकिन अगर कोई लोकल बंदा है उसको बहुत ही कम पेमेंट, 01 गुना भी नहीं मिलता। उसका मजबुरी है जमीन उसका गया है, खेती के लिये भी नहीं बचा है, 10–12 हजार के नौकरी में क्या करेगा। अपना परिवार चलायेगा, बच्चे को पढ़ायेगा उसका कोई भविष्य नहीं है। प्लांट बना है एकदम नेशनल हाईवे से लगा हुआ है इसके गेट में यहा से बड़ा–बड़ा ट्रेलर गाड़ी निकलता है, नेशनल हाईवे है बहुत सारा बाईक आना–जाना हो रहा है। अभी 02 दिन पहले ही बाईक से गेट के सामने ही 03 लोग खतम हो गये 01 सिरियस है वो रायगढ़ में एडमिट है और 02 साल पहले हमारे ही यहा के लड़के 02 लड़के इस गेट के सामने खतम हुये थे, 01 लड़का उस गेट के सामने। इसलिये हम प्लांट का विरोध करते है।

532. बबूलाल राठिया – कंपनी का विरोध है।

533. प्रताप कुमार पटेल, चपले – कंपनी का विरोध है।

534. संजीव कुमार राठौर, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

535. टीकाराम डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

536. गजानन डनसेना – कंपनी का विरोध है।

537. परमेश्वर डनसेना, छोटे डुमरपाली – सार कंपनी स्टील जो है निम्न बिन्दुओं पर विरोध है। जब वेदांता वाशरी खुला उस समय ग्रामपंचायत से एन.ओ.सी. लिया गया था उस समय ये वेदांता वॉशरी का जो जनरल मैनेजर एवं उसका डायरेक्टर ये ग्राम कुनकुनी वासियों को पुरा पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया था की ग्राम कुनकुनी के हर दूख–सुख में वेदांता वॉशरी खड़ा रहेगा तत्पर। मैं वेदांता वॉशरी के जनरल मैनेजर एवं डायरेक्टर से ये पुछना चाह रहा हूँ की अभी 2020–21 में वैश्विक महामारी कोरोना का लहर चला जिसमें ना तो वेदांता वॉशरी के तरफ से कोई गरीब इंशान को कुछ खाने के लिये राशन दिया गया और ना ही यहा हैंड वॉश, सेनेटाईजर और विटामिन सी की गोली वितरण किया गया। मात्र एक–एक बंदे के लिये 05–05

नग मास्क का वितरण किया गया था इसलिये मैं इसका विरोध करता हूँ। ग्राम कुनकुनी के आदिवासी जमीन 300 एकड़ का अभी बिलासपुर हाईकोर्ट में प्रकरण अभी दबा हुआ है जिसमें जयलाल राठिया का इनकार हो गया इसीलिये मैं विरोध करता हूँ। यहां दूर–दूर से आकर के समर्थन दिया जा रहा है लेकिन ग्राम कुनकुनी एवं आस–पास के गांव युवा, महिला और छोटे–छोटे बच्चे के ऊपर क्या गुजरने वाला है, यहा पर माईक पर कोई बोला है। यहां ना ना प्रकार के बीमारी हो रहा है छोटे–छोटे बच्चो को भी दिल का दौरा आ रहा है, टी.बी. का शिकायत आ रहा है, चेचक हो रहा है, आंखों में परेशानी है इसलिये मैं सार स्टील का पूर्ण रूप से विरोध करता हूँ।

538. अनिल डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

539. राजू डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

540. संजय राठिया, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

541. आदित्य कुमार डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

542. चेतेश्वर पटेल – मैं अभी 02 मीनट लूंगा क्योंकि मैं जाता हूँ एस.के.एस. वहा बिहारी लोगो को देते है 13000 मेरे को देते है 9700 रूपये तो ये क्या मतलब है, यहा कंपनी लाने से कोई मतलब नहीं है इसलिये कंपनी हटाओ।

543. धनेश्वर डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

544. त्रिलोचन डनसेना, कुनकुनी – मैं इस कंपनी का पूर्ण रूप से विरोध करता हूँ इसका कारण मुख्य बिन्दु है कि ये प्रोजेक्ट एन.एच. रोड से लगने जा रहा है, जहां 2020–21 में रोड दुर्घटना बहुत ज्यादा हो रही है। सभी कारखाने स्थानिय मजदुरो से भी ज्यादा बाहर के स्थानिय मजदुरो को लिया जाता है। यह सिर्फ प्रलोभन देकर कंपनी लगाती है कि यहा केवल स्थानिय लोगो को मिलेगा लेकिन यहा हो नहीं पाता और छत्तीसगढ़ कृषि उत्पादन पर निर्भर राज्य है, हमारा क्षेत्र कृषक बाहुल्य है। यहा धीरे–धीरे जो कृषि भूमि उपजाउ रहती है वह अपेक्षाकृत वर्षा भी कम होती है और यह भूमि प्रदूषित होती है। इस कंपनी का मैं पूर्ण रूप से विरोध करता हूँ।

545. मंगल डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

546. गोपाल पटेल, चपले – मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

547. भवानी लाल डनसेना, कुनकुनी – कंपनी का विरोध है।

548. सौहद्राबाई राठौर – कंपनी का विरोध है।

549. चुड़ामणी डनसेना – कंपनी का विरोध है।

550. राधेश्याम शर्मा, रायगढ़ – ये आज दिनांक की जो जनसुनवाई है ये जिले के 37वीं अवैधानिक जनसुनवाई है जिसको उद्योग प्रबंधन, जिला प्रशासन, राज्य सरकार अपने दबाव में संविधान और कानून का उल्लंघन कर

इस जनसुनवाई को कराया जा रहा है। अब ये ट्रेड चल गया है छत्तीसगढ़ में की कानून की सभी सीमा को तोड़ते हुये, संविधान को कलंकित करते हुये जनता को दिखाने के लिये जनसुनवाई के नाटक का आयोजन रायगढ़ जिला और छत्तीसगढ़ में हो रहा है। अगर जनसुनवाई का प्रावधान बना हुआ है और उस प्रावधान का पालन जनसुनवाई में पीठासीन अधिकारी जो न्यायिक पद पर है और प्रशासनिक पद पर है उनको कराना है लेकिन सारी जानकारियों का, सारी नियमों का यहा अवहेलना हो रहा है, अवमानना हो रहा है ये सबसे बड़ा दुखद है। आज भारत के लोकतंत्र में भारत के संविधान का परिपालन अगर नहीं हो रहा है, कानून का परिपालन नहीं हो रहा है तो इसकी जिम्मेदारी किसपर है, जवाबदेही तो बनती है। मैं इस जनसुनवाई का पुरजोर विरोध करता हूँ और मनचस पीठासीन अधिकारी, पर्यावरण अधिकारी से मैं निवेदन करूंगा कानून का सम्मान करते हुये वापस जाये आप यहा पर से और इस जनसुनवाई को यही पर स्थगित करें। अगर इस कुनकुनी ग्राम में 90 प्रतिशत आदिवासी लोग निवास करते है तो क्या उस ग्रामपंचायत के ग्रामसभा का अनुमोदन या अनापत्ति इस उद्योग प्रबंधन ने लिया है, या जिला प्रशासन ने उसे देखा है कि हॉ इनके द्वारा ग्रामसभा से अनुमति ली गई है की नहीं, फिर ये तंबु, पण्डाल कैसे लग गया। हमारे छत्तीसगढ़ में बहुत शांत लोग है, अगर ये दूसरा प्रदेश होता तो सुबह ही इसको माचिस मार देते पण्डाल को जल जाता आप लोग नहीं करवा पाते। एक आदमी का भेजा घुम जाता तो आप यहा बैठ नहीं पाते, और आने वाले समय में अगर प्रशासन और राज्य सरकार अड़िग होकर ऐसे कार्य को करेगी तो मेरे जैसे व्यक्ति स्वयं अपने हाथो से अगली जनसुनवाई में मैं आग लगाउंगा ऐसे पण्डालों को और अपनी गिरफतारी दूंगा ताकि देशवासियों को पता लगे की छत्तीसगढ़ में कानून का किस तरह से दूरूपयोग किया जा रहा है। मैं भड़का रहा हूँ जनता को अगर ये आग नहीं लगायेंगे तो मैं अगली जनसुनवाई में आग लगाउंगा ये मेरा वचन है अगर जिंदा रहा आग लगाउंगा और गिरफतारी दूंगा। अगर आप पुलिस बल का दूरूपयोग कर यहा आदमी आ रहा है इतना लंबा बेरिकेट क्यों, एक बार बोलने के बाद जाओ क्यों जायेगा, ये उसी की जमीन है, आप कौन होते है उसको खदेड़ने वाले और पुलिस वाले यहा का एस.पी. और डी.एस.पी. दलाल है उद्योगपति के तो आप मनमानी करोगे। रायगढ़ का एस.पी. ध्यान से कान खोल ले हम उसकी गुलामी नहीं सहेंगे और कितना जोर आजमा सकते हो आजमा लो। मैडम वो जो महिलाये खड़ी है वो भी आपके जैसी हमारी माता है आप काहे ऐसे दूरूपयोग कर रही है कानून का, ये सार स्टील का जो पैसा है वो हजम होने वाला नहीं। आज इतने उद्योग इस क्षेत्र में लग चुके है आप एक बार नजर घुमाकर देखीये। मेरे पत्रकार साथियों से मेरा निवेदन है की वो पुरा कैमरा चारो दिशाओं में घुमाये पेड़ो की क्या स्थिति है, जमीनों की क्या स्थिति है, जल स्त्रोत की क्या स्थिति है, तो क्या ऐसे में जनसुनवाई होना चाहिये। एन.जी.टी. ने आज से 02 साल पहले आदेश जारी किया था कि रायगढ़ जिले में अब जनसुनवाई किसी भी विस्तार के लिये, किसी भी स्थापना के लिये अगर हो रही है तो एक जनता की कमेटी के साथ उनके संरक्षण में, उनके मार्गदर्शन में प्रशासनिक

अमला पर्यावरण का मूल्यांकन करेंगे और वो जो रीजल्ट निकलेगा, वो परीणाम आयेगा तब सरकार उसमें अपना निति बना सकते है कि हॉ अभी और रायगढ़ जिला में उद्योग की गुंजाईस है, अभी और कोरबा जिले में उद्योग की गुंजाईस है, तो न्यायधानी से लेकर राजधानी तक सब प्रदूषित हो गया है। अब हमारे नेता और बड़े अधिकारी जो रायपुर में बैठे है और बड़े उद्योगपति वहा के पास के सारे फैक्ट्रीयों को सीमगा और सराईपाली क्षेत्र में सबको स्थापित कर रहे है उनको सब को भगा रहे है उनको जिंदा रहना है बाकि जनता जिंदा मत रहे, बाकि मर जाये और ये देखीये ये जो जनसुनवाई है हमने जो जनप्रतिनिधि चुना है इस क्षेत्र में क्या ई.आई.ए. रिपोर्ट उस तक पहुचा है क्या, क्या यहा का मंत्री उमेश पटेल के पास ई.आई.ए. रिपोर्ट है, यहा के जिला पंचायत वाले के पास है?, उसने पढ़ा है? अगर है भी गा तो वो पढ़ेगा नहीं। ना सत्तारूणदल के लोग वो तो खुद उसको संचालित कर रहे है, लेकिन विपक्ष में आप सोचिये ओ.पी. चौधरी कलेक्टर, क्या चिज का तु कलेक्टर, क्या चिज का कला ज्ञान और क्या चिज का तु किसान का पुत्र प्रदेश को तु नेत्रित्व कर रहा है, यहा का सांसद महिला है तो क्या सिर्फ मरवाने के लिये जनप्रतिनिधि चुना है इन लोगो को, इनको ठेका मिला है क्या। अभी इस जनसुनवाई स्थल में एक आदमी मर गया, क्यों मर गया, क्या मर गया, कैसे मर गया लेकिन अभी यही गिरा और मर गया तो ऐसे लोग हम लोग दर्जनों की संख्या में अपनी जान गवा रहे है इसलिये उद्योग नहीं लगना चाहिये और जनसुनवाई यही पर बंद होना चाहिये और पीठासीन अधिकारी को यही पर घोषणा करना चाहिये कि ये जनसुनवाई आगे नहीं हो सकती। हास्पिटल में मर रहे है अगर लोग, किडनी फेल हो रहा है, गुर्दा फेल हो रहा है कौन ले रहा है उसकी जिम्मेदारी तो जितने उद्योग है उसको आप नियंत्रित नहीं कर पा रहे है, और मुझे आश्चर्य होता है पुलिस प्रशासन के अधिकारियो को की ये किसके निर्देश पर काम कर रहे है, क्या रायगढ़ का पुलिस अधीक्षक ऐसा निर्देश दिया है कि एक बार बोलने के बाद उसको परिसर में रहने का अधिकार नहीं है ऐसा कहा पर नियम है, क्या आप हमारे संवैधानिक अधिकारो को चुनौति दे रहे है, रायगढ़ का पुलिस अधीक्षक क्या इतना तानाशाह हो गया है की वो बोलता है बोलने के बाद आप नहीं रहोगे। हम रहेंगे, हम 01 दिन रहेंगे, 02 दिन रहेंगे, 05 दिन रहेंगे हमारी जब इच्छा होगी तब हम जायेंगे नहीं तो हम यही रहेंगे, तो इन अधिकारों को कैसे चुनौती दिया जा रहा है। एक पुलिस अधीक्षक निर्देश जारी करता है और पुलिस के आला अधिकारी उसका सर झुकाये पालन करना पड़ रहा है, सब का अपना–अपना रोजी–रोटी है, सब का अपना परिवार है। मैं यहा जो आला अधिकारी आये है खरसिया क्षेत्र से जो पुलिस में अनुविभागीय दण्डाधिकारी है वो भी दण्डाधिकारी का पद उनके पास है, मैं उनसे निवेदन करूंगा की ये जो सार कंपनी है इसका प्रबंधन गौर से सुने यहा के जो एस. डी.ओ.पी. महोदय है खरसिया क्षेत्र के क्योंकि वहा जिंदल की जनसुनवाई में पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया तो हमने कोतरा रोड थाने में जाकर जिंदल प्रबंधन और ऐसे पर्यावरण अधिकारी, पीठासीन अधिकारी के खिलाफ में चार सौ बीसी, धोखाधड़ी षड़यंत्र करने का रिपोर्ट दर्ज करना पड़ा, यहा भी किया जायेगा लेकिन मैं जो

बोल रहा हूँ उसको संज्ञान ले ले ये आपका अधिकारी भी है, आपका कर्तव्य भी है कि मैं लिखकर ही रिपोर्ट दर्ज करूंगा तब आप संज्ञान लेंगे और कार्यवाही करेंगे ऐसा नही है। आप खाली डंडा घुमाकर के ग्रामीणों को ऐसे–ऐसे खदेड़ने के लिये नहीं है आप कानून के पालन के लिये है, संविधान के पालन के लिये है। आप क्या नाटक कर रहे है, पुलिस विभाग क्या नाटक कर रहा है कि एक बार जो बोलेगा वो नहीं रहेगा, क्यों नहीं रहेगा? वो लड़ना चाहता है यहा पर अपने संवैधानिक अधिकारों के लिये वो शांतिपूर्वक गांधीवादी तरीके से आपको खदेड़ना चाहता है, क्या डर है आपको, इतना आत्मबल नहीं है आपके पास, आप पुलिस को क्यों आगे कर रहे है। हम कोई हिंशक व्यक्ति नहीं है कि कोई बम, बारूद लेकर आये हुये है और आपको नुकशान पहुचाये। और अगर ये जनसुनवाई लोकतांत्रित और पारदर्शित प्रक्रिया से होती तो आपको ऐसे घेरे में बैठने की जरूरत नहीं थी। इलेक्शन होता है, निर्वाचन प्रक्रिया है ना वहा ऐसे बेरिकेट्स क्यों नहीं लगता। आप लोग उद्योग की दलाली कर रहे है और कानून का दूरूपयोग कर रहे है, संविधान का अवहेलना कर रहे है इसलिये आपको डर है कि आपके ऊपर आक्रमण ना हो। आप खुले में आजाईये और दूरूपयोग करीये, जनता भी ताकतवर है आपको समझ में आजायेगा, ये जो हमारी जो है आपको 01 मीनट में आपकी औकात बता देगी, मैं उनको हिंसा करने के लिये नहीं बोल रहा हूँ लेकिन अपने अधिकार के लिये लड़े। अगर ये अवैधानिक जनसुनवाई को रोकना है तो यहा की जनता यही पर डटे रहे, यही पर अपना आंदोलन जारी रखे और तब तक जारी रखे जब तक ये पीठासीन अधिकारी महोदया ये घाषड़ा ना कर दे की आज की जनसुनवाई फर्जी दस्तावेज के आधार पर मैं करवा रही थी, मेरे से गलती हो गई मैं जा रही हूँ इतना बोल दे। अगर 14 सितम्बर 2006 का जो कानून है जनसुनवाई के लिये और उसके तहत जो ई.आई.ए. रिपोर्ट बनता है जो कंसलटेंट कंपनी बना रही है वो अभी एक नया ट्रेंड चला है कि हमारे साथियों ने कहा कि वो एथेंटिक नहीं है, प्रमाणित नहीं है तो वो क्या कर रहे है कि सरपंच, सचिव को 10, 20, 25, 50 हजार रूपया देकर उनसे सहमति बनवा ले रहे है, ग्रामसभा की सहमति नहीं है आपको, कोई सरपंच अपने गांव के लिये अकेला निर्णय नहीं ले सकता। वो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में गांव में ग्रामसभा करेगा वहा बहुमत से जो निर्णय पारित होगा वो सर्वमान्य है, वो लोकतांत्रिक है, तो आप लोग इस प्रभावित 10 किलोमीटर के क्षेत्र में बिना ई. आई.ए. रिपोर्ट सबमिट किये हुये, लोगो को गुमराह करके, लोगो के साथ जो षड़यंत्र किया है उसके आप अपराधी है और आपको आज वापस जाना पड़ेगा, क्योंकि अगर आज क्षेत्र की जनता लड़ नहीं है मैं उनके पीछे में हूँ मैं वापस नहीं जाउंगा। पीठासीन अधिकारी महोदया आपसे मेरा निवेदन है करबद्ध प्रार्थना है की आप जनता को बता दीजिये कि वास्तव में आपने 10 किलोमीटर रेडियस के 02 दर्जन गांव में ई.आई.ए. रिपोर्ट भिजवाया है क्या जनता के अवलोकन के लिये। अगर ये जनसुनवाई जनसमर्थन जुटाने के लिये वास्तविक स्थिति जो है उस पर विरोध और आपत्ति दर्ज करने का तो आप बता दीजिये ये जनसुनवाई को वैधानिक तरीके से करवा रहे है और आप वैधानिक तरीके से नहीं करवा रही है तो जनता को आप मजबुर

कर रहे है सड़को पर आंदोलन करने के लिये, जवाबदेही आपकी है ये जवाबदारी आपकी है आप उनको मजबुर कर रहे है। और मैं ग्रामीणों से भी निवेदन करूंगा की मर्यादित तरीके से गांधीवादी तरीके से अपना विरोध दर्ज करें। किसी को गाली देने की जरूरत नहीं है और अगर ये मैडम कानून का दूरूपयोग कर रही है तो हम इसको रोकेंगे, पुलिस प्रशासन अपना काम करे हम पुलिस प्रशासन के ऊपर अपना दबाव नहीं बना रहे है। हम अगर कानून का उल्लंघन करेंगे आप हमे गिरफतार करीये, जेल भेजीये, हमारे ऊपर धारा लगाईये लेकिन ऐसे ग्रामीणों को अगर गिरफतार करेंगे उसके पहले नवीन जिंदल और ऐसे अधिकारियों को गिरफतार करीये जिनकी रिपोर्ट पिछले तीन साल से खराब है। मैं तो पुलिस से भी आग्रह करूंगा की अब तक इनको गिरफतार हो जाना चाहिये था ये कैसे यहा पहुंच गये। हमारे पुलिस के अधिकारी क्या कोतरा रोड में जो एफ.आई.आर. हुआ है, प्रथम सूचना प्रकरण दर्ज हुआ है उस पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं, कोई संज्ञान नहीं क्यों? तो क्या प्रशासन अपनी अधिर्मिता से काम कर रही है तो गांव वाले भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बिलकुल शांति पूर्वक नारेबाजी करते हुये इस जनसुनवाई को निरस्त करवाने यही घोषड़ा कर यही धरना दे, यही प्रदर्शन करे, क्योंकि उनको तो जनसुनवाई के बारे में पता ही नहीं है उनके गांव वालों को पता नहीं है। ये 02 दर्जन से अधिक गांव जिसको वनांचल क्षेत्र की ये वन से प्रभावित क्षेत्र है आदिवासी क्षेत्र है जिनको अलग से अधिकार कानून ने दिया है, ऐसे स्थलों पर जनसुनवाई का मजाक और कंपनी वाले जान रहे है कि अब प्रभावकारी दो मिडिया के लोग है, जो प्रशासनिक अमला है, जो जनप्रतिनिधि है जनप्रतिनिधि तो पहले से लालाईत है चाहे वो सत्तादल रूड़ के हो या विपक्ष के हो। वही ऐसे अवैधानिक जनसुनवाई के सरफरस्त है चाहे वो उमेश पटेल हो, चाहे ओ.पी. चौधरी हो। ये हमारे अपने लोग सरफरस्ति कर यहा से गायब हो जा रहे है, अगर उनमें आत्मबल होता तो जनता के बीच में आते। इस क्षेत्र में नंदकुमार पटेल जी भी थे वो भी उद्योग के अंदरूणी जनसमर्थक थे लेकिन ऊपर में आकर नाटक कर जनता के साथ अपना विरोध दर्ज कराते थे वो मर गये। तो ऐसा नकली कम से कम विरोध दर्ज कराते लोग। मैं पीठासीन अधिकारी महोदय से निवेदन करूंगा की अब हमे मजबुर मत किया जाये, ग्रामिणों को मजबुर मत किया जाये और अगर यहा से घोषड़ा नहीं करते है तो मैं तो बोलूंगा आप यहा धरना देते हुये यहां धरना दीजिये और नहीं तो मेन रोड जो है वहा औद्योगिक वाहनों को रोकीये वहा आम आदमी को आने–जाने से मत रोकीये, आर्थिक नाकेबंदी कीजिये, मैं आपको रास्ता बता रहा हूँ, जब तक यहा से वापस नहीं जाते है आप लोग यही डटे रहीये और उसके बाद भी इनकी हठधर्मिता चलती है तो आप लोग वो जो एन.एच. दिख रहा है उसमें औद्योगिक वाहन ना चलने दे, हम मरने को तैयार नहीं है, हम प्रदूषण झेलने को तैयार नहीं है, हम आर्थिक नाकेबंदी करेंगे, हम आम आदमी को आने–जाने देंगे लेकिन उस जगह से कोई भी उद्योग का वाहन गुजरने नहीं देंगे ऐसी आप लोगो की लड़ाई होनी चाहिये। मैं पीठासीन अधिकारी महोदया को बार–बार निवेदन कर रहा हूँ कि उनकी आत्मा जागृत हो जाये वो कानुन के प्रति जागृत हो

जाये और अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करे। लेकिन 03–04 जनसुनवाई में मैने देखा एक महिला होने के नाते भी आप अपने हठधर्मिता पर अड़ी रही है, संविधान का खुला निरादर कर रही है, कानून का अवहेलना कर रही है और आज की अगर जनसुनवाई को आप निरस्त नहीं करते है। इस फर्जी ई.आइ.ए. रिपोर्ट में इस क्षेत्र में जो सर्वे हुआ है उसके हिसाब से मिट्टी का, पानी का और हवा का जो सैम्पल है उसका रिपोर्ट जो इन लोग दे रहे है तो ये जो एकदम साथ सुथरा वनांचल क्षेत्र में जो होता है ऐसे दे रहे है और जो खुली ऑखों से दिख रहा है तो ये ई.आई.ए. रिपोर्ट कंसलटेंट कंपनी ने फर्जी बनाई है, फर्जी आंकड़ो के आधार पर बनाई है। ई.आई.ए. की जो अधिसूचना है, जो कानून है उसका उल्लंघन कर जो भी सैम्पल जिस गांव से लिया गया है वो प्रमाणित नहीं है, पंचनामा नहीं है। पुलिस विभाग कार्यवाही करती है लड़ाई–झगड़ा, अपराध होता है तो वहा लाठी, डंडा, चाकु जो भी रहता है उसका जब जब्ति बनाती है तो क्षेत्रीय ग्रामीण लोगो पंचनामा रिपोर्ट तैयार करती है उनका दस्तखत लेती है। इस ई.आई.ए. रिपोर्ट में कंसलटेंट कंपनी आये और बताये मेरे को की कहां–कहां किस तालाब से, किस कुआं से और किस जगह की मिट्टी, किस जगह का हवा, किस जगह का ध्वनि लिया गया है तो ऐसे फर्जी ई.आई.ए. रिपोर्ट के आधार पर आप जनसुनवाई करवा रही है और पर्यावरण अधिकारी महोदय जो पर्यावरण संरक्षण का काम कर रहे है तो आपको प्रदूषण संरक्षण मण्डल के अधिकारी हो गये है और उसको संरक्षित कर रहे है और इस देश का विडंबना देखीये कि सत्प्रतिशत विरोध न्यायिक तथ्यों के आधार पर, कानूनी तथ्यों के आधार पर फिर भी ये देश का दूरभाग्य है कि वन, पर्यावरण मंत्रालय में बैठा मंत्री, वहां का सचिव, वहा का अध्यक्ष वो भी इन्ही उद्योगपतियों का चड्डी धो रहा है वो भी इनका गुलाम है तो केन्द्रीय वन, पर्यावरण मंत्रालय में जो मंत्री, सचिव बैठे है वो भी उद्योगपतियों का पालतु है जो सत्प्रतिशत कानूनन विरोध के बाद भी उसको एन. ओ.सी. देता है क्यों। अब मैं ग्रामीणों से निवेदन करूंगा कि वो शांति पूर्वक यही धरना दे, नारेबाजी करे अगर ये मैडम जब तक नहीं जाती है इसे निरस्त करके और उनके बाद मैं आपके साथ में इस एन.एच. में आर्थिक नाकेबंदी में मैं बैठुंगा और तब तक बैठा रहूंगा जब तक इनकी गिरफतारी नहीं हो जाये ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के अधिकारियों की गिरफतारी एसे फ्रा कंपनियों की, ऐसे फ्राड कंसलटेंट कंपनी की जिसने ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाया है उसकी जब तक गिरफतारी नहीं होगी हमको फिर उठना नहीं है और पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि इस आर्थिक नाकेबंदी में आप जनता का सहयोग करे क्योंकि कानून का रक्षा कर पाने में आप विफल है तो जनता के हित में आप कदम से कदम मिलाये और इनके आंदोलन में आप समर्थन में आये क्योंकि आप प्रशानिक अधिकारी होने के साथ–साथ आप लोगो को यहा पर आकर आपत्ति है, विरोध है, समर्थन है दर्ज करना चाहिये, आप लोग तो हमशे ज्यादा पढ़े–लिखे है, क्यों नहीं करते है, ये पर्यावरण अधिकारी एक टिप भी नहीं हम तो डाकिया है, डाक हमको मिला और हम भेज देंगे बस खाली बैठे हो आप। किस आधार पर आप फिर प्रदूषण का जांच करते है, काहे आप आदेश जारी करते है। साथियों मैडम जो 05 मिनट, 10

मिनट, 15 मिनट बोल रही है आपके घर में समय का स्टॉक नहीं है कि आप हमे समय दे, हमारे सेवक हमें समय नहीं दे सकते। आप लोगो का पुरा अमला बंजारी से अभी जो विनायक स्टील है उसके लिये 11 बजे बैठे सवा 12 बजे आप चुप–चाप वहा से भग गये चोर जैसे, क्यों भग गये। 05 बजे तक आपको जनसुनवाई करवानी है। वोट देने वाला वोट देने नहीं आयेगा तो क्या पीठासीन अधिकारी पेटी लेकर घर चला जायेगा, बार–बार बोल रही है कि 05 मिनट का समय दे रही हूँ, 10 मिनट का समय दे रही हूँ, क्या अहसान कर रहे है, हमको समय देंगे, हमारे सेवक हमको समय देंगे बोलने के लिये, हमको यहा से भगायेंगे। हम यहा के मालिक है। साथियों और यहा के महतारी बहनी लोग आप जब तक लड़ेंगे पीछे में हूँ मैं, जहां ले जायेगा सरकार मैं तैयार हूँ। आप निर्णय ले लीजिये आर्थिक नाकेबंदी के जिम्मेदार फिर आप होंगे। मैं भुपेश बघेल को नहीं बोलता वो तो उद्योगपति का पालतु है, पट्टा है उसके गले में। आपको भी निर्णय लेना है। मैं आप लोगो के साथ में हूँ, जब तक ये नहीं जाती है इसे निरस्त करके तब तक आप यहा डटे रहीये मैं आप लोगो के साथ में हूँ और उसके बाद इन लोगो की गिरफतारी इस कंपनी के मालिक की उसके लिये फिर वहा सड़क में बैठेंगे आर्थिक नाकेबंदी करेंगे यहा को कोई भी औद्योगिक वाहन नहीं जायेगा।

551. – मैडम मैं आपसे बात पुछना चाहता हूँ मैं सारे जनसुनवाई में गया हूँ। हम लोग जब बोलने आते है जनसुनवाई में ये पंडाल हमारे ग्रामवासियों के लिये लगाया गया है, जब हम यहा से जनसुनवाई में बोल कर जाते है तो उनको किनारे से बाहर क्यों भगाया जा रहा है, ये आदेश किसका है, मेरे बोलने के बाद मेरे को यहा खड़े होने का अधिकार है कि नहीं ये जानना चाहता हूँ। यह जनसुनवाई कुनकुनी के वेदांता इसका मदर प्लांट है इसका असली मालिक वेदांता है। ये वेदांता जो फैक्ट्री की मदर प्लांट है। यहा सब लोग बहरे नहीं है, गुंगे नहीं है इसका पुरजोर विरोध हो रहा है और आपको अभी तक पता नहीं चल रहा है कि लोग नौकरी नहीं चाहते है, अगर आप में मानवता होती और आप जनहित में काम करते रहते और आप में सच्ची देशभक्ति सेवा करने की उम्मीद है तो आपको इतना होने के बाद तत्काल निरस्त कर देना चाहिये। यहा पुरा रायगढ़ जिला में प्लांट ही प्लांट बसा हुआ है मैं भी किरोड़ीमल नगर से हूँ और आम आदमी पार्टी का छोटा सा कार्यकता हूँ और मैं कई जगह जा रहा हूँ जनसुनवाई में हम लोग विरोध करते है बस आप लोग आश्वासन दे रहे है और हमको ऐसे पावती लेते सदियो बीत गया लेकिन आप किसी भी पावती का जवाब नहीं देते है आप लोग बोलते है कि इस संबंध में बोलिये और चले जाईये क्या हम लोग बोलने और चले जाने के लिये है क्या, हम लोगो को कोई ना कोई जवाब तो मिलना चाहिये स्थल में। ये पुरा आदिवासी क्षेत्र है और सब आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में आते है। हम लोग भोले–भाले छत्तीसगढ़ीयों को अलग तरीके से जमीन खरीद–खरीद कर ये लोग प्लांट को बसा रहे है। ये जो जगह है जहां हम लोग खड़े है ये कंपनी का एरिया है और आप तो कानुन के ज्ञाता है कंपनी के अधिकृत जमीन में आप जनसुनवाई कैसे कर सकते है। आज कानून के ज्ञाता लोग बैठे है ये कंपनी के द्वारा अधिकृत जमीन है और यहा कैसे जनसुनवाई करेंगे वो

भी कंपनी के बाउण्ड्रीवाल के अंदर। कंपनी के बाउण्ड्रीवाल के अंदर जनसुनवाई करना उचित नहीं है आपको इस आधार पर भी जनसुनवाई को निरस्त करने का पुरा–पुरा अधिकार है, ये अलग बात है कि आपको मना किया गया है कि इस जनसुनवाई को निरस्त नहीं करना है। मेरे को जहां तक जानकारी है इस प्लांट में 170ख का प्रकरण चल रहा है और 50 से ऊपर केस ऐसे लगे है जिसमें आदिवासियों का जमीन गैर कानूनी से खरीद कर यहा 170ख लागु किया गया है। कंपनी जिस कुनकुनी क्षेत्र में बसा हुआ है यहा जमीन के मामले में 50 से ऊपर प्रकरण न्यायालय में अभी भी चल रहे है। आप बताईये किसी भी छोटा सा जगह का विवाद में अगर स्टे लग जाता है तो वहा पुरे तरीके से निर्माण या किसी भी तरीके का हम लोग कर नहीं सकते है चाहे छोटा सा सौचालय बनाने की बात रहे, छोटा सा घर बनाने की बात रहे, जहा पर विवाद चलता रहता है वहा स्टे लग जाता है। इतनी बड़ी कंपनी में इतनी बड़ी जमीन घोटाला हुआ है और 50 से ज्यादा जब न्यायालय में प्रकरण दर्ज है तो किस आधार पर शासन इसको जनसुनवाई का आदेश की है ये भी न्याय संगत नहीं है और आज विरोध में और समर्थन में बहुत लोग खड़े है हम लोग जान रहे है कि हम लोग क्यों विरोध कर रहे है यहा के स्थानिय नागरिको को ठगा जाता है और कहा जाता है कि आपकी जमीने लेने के बाद हम आपको नौकरी दे देंगे। विसा फैक्ट्री आज पुराना है विसा फैक्ट्री जमीन को ले लिया और उड़नछु हो गया ना तो उनके पास जमीन है और ना ही पैसा है और आज सब लोग बेरोजगारी के लिये भटक रहे है, आपको समझना पड़ेगा इस आधार पर कम से कम और उद्योग को संरक्षण नहीं देना चाहिये और उद्योग लगने के खिलाफ में आपको इसको निरस्त करा देना चाहिये। आप सभी लोग आई.ए.एस. , आई.पी.एस. करके यहा पर बैठे है आप लोग सब जानते है कि जिस जगह पर प्लांट लगना है वहा के स्थानिय लोगो को 75 प्रतिशत लोगो को रोजगार मिलना चाहिये। इस प्लांट में 75 प्रतिशत छोड़ो, 75 लोगो को भी अच्छे से नौकरी नहीं मिल रहा है। हम लोग कोयला खाये और ये लोग ए.सी. कमरे में बैठे क्या इसके लिये हम लोग प्लांट लगने देंगे। आज यहां के लोग भुखे–प्यासे सुबह से बैठे है आप लोग ऊपस से उनको रौब दिखा रहे है कि ऐसा नियम है तो इसमें से जितना नियम हमको समझाया जा रहा है उसमें से 05 प्रतिशत नियम आप कंपनी वालो को समझाये तो आप लोग भी जानते है 05 प्रतिशत भी यहा कंपनी लगने के लिये नियम को पालन नहीं किया है प्लांट। नाम बदल–बदल कर यहा आ रही है और जा रही है पता नहीं आप लोग भी उनको कैसे संरक्षण दे रहे है, मुझे तो विडंबना लग रहा है आप तो माताजी है आपको तो समझना चाहिये, आपके भी यहा बच्चे भुखे, बेरोजगार हो कर भटक रहे है, एक व्यक्ति आया था यहा विरोध करने उसकी जान चली गई यहा पर, सबसे पहले आप उस आधार पर कि यहा एक जनसुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई है उस कारण इसको निरस्त करते हुये नियम को आगे बढ़ाना चाहिये था, ये नियम कहता है कि नहीं कहता है? यहा एक जान चली गई है। ये कंपनी क्षेत्र है और कंपनी क्षेत्र के अंदर कंपनी द्वारा और शासन द्वारा जनसुनवाई किया जा रहा था ये जनसुनवाई के दौरान उसकी जान चली गई है आप

पहले उसके परिवार को बुलाईये और आवेदन लीजिये ये कंपनी क्षेत्र है उसके कंपाउण्ड में मृत्यु हुई है इसका छत्तीसगढ़ रोजगार अधिनियम क्या कहता है और कितना मुआवजा मिलना चाहिये उसके बाद जनसुनवाई करना चाहिये। यहा इतना बड़ा टेंट लगाया गया है सब के लिये सुविधा वी.आई.पी. कैटेगिरी में दी गई है, जनता यहा मर रही है एक जान चला गया किसी को उसकी कुछ खबर नहीं है, आप लोग अधिकारी है आप लोग यहा एस.डी.एम. साहब है, यहा अपर कलेक्टर मैडम है, यहा जिला के पर्यावरण अधिकारी है, यहा सी.एस.पी. रैंक के 04–05 अधिकारी है, आई.पी.एस. रैंक के अधिकारी है इनकी नैतिक जिम्मेदारी थी, क्या इनकी आत्मा मर चुकी है एक व्यक्ति का जान चला गया और किसी ने वहा एफ.आई. आर. की जरूरत नहीं समझी, यहा स्वतः उनको एफ.आई.आर. कर देनी चाहिये थी। अगर ये नियम में नहीं है तो आप बताईये नही तो कम से कम उसकी जान चली गई थी और ये परियोजना क्षेत्र है उसकी, परियोजना क्षेत्र के दौरान उसकी मृत्यु हुई है। यहा पर लिखा हुआ है कि ऑयरन ओर प्लांट 09 लाख टी.पी.ए., स्पंज ऑयरन 02 लाख 21 हजार टी.पी.ए., एम.एस. बिलेट ये सारी जो लिखा हुआ है कि यहा क्या–क्या प्लांट लगेगा ये बिलकुल आप लोगो को लिख कर दे दिया गया है, कंपनी को इतना तो मालुम होगा कि ये सब लगने में कितने मजदुर लगेंगे बताया गया है कि नहीं बताया गया है, ये लगने के लिये कितने अधिकारी, कितने कर्मचारी और कितने मजदुरो की संख्या लगनी चाहिये। आप लोग अपने छत्तीसगढ़ में जो नियम है छत्तीसगढ़ स्थानिय रोजगार अधिनियम के तहत आप लोगो को 75 प्रतिशत रोजगार कंपनी को आदेशित करने का अधिकार है तो आपको जनसंख्या दी गई होगी कि यहा 10 हजार लगेंगे मजदुर तो क्या 7500 मजदुर हमारे छत्तीसगढ़ीयों को यहा के कर्मचारियों को, अधिकारियों को काम करने को मिलेगा। बहुत बड़ी विडम्बना है कि छत्तीसगढ़ीया बी.टेक, एम.बी.ए., आई.ए.एस. तक कर लेता है लेकिन कंपनी में उनके साथ भेद–भाव किया जा रहा है। आज इसलिये विरोध हो रहा है, विरोध का हम लोगो को शौक नहीं है, हम भी चाहते है कंपनी आयेगा तो विकास होगा, थोड़ा, बहुत तो विकास होगा लेकिन अगर जहां कंपनी बस रही है वहा का विकास नहीं हो रहा है तो हम नहीं समझेंगे की कंपनी विकास कर रहा है। मैं यहा सभी विरोध करने वाले और समर्थन करने वाले का भी स्वागत करता हूॅं, लेकिन हम लोगो के विरोध का पैमाना है उसको पुरा करने का दायित्व आप लोगो को नहीं है। अगर ठीक–ठीक जवाब मिलता है, हमको सारी सुविधाये मिलती है तो हम लोग विरोध क्यों करेंगे। यहा का प्रकरण बताता हूॅं क्या प्रकरण हुआ है, यहा पर पहले एक व्यक्ति आ रहा है और किसी व्यक्ति के नाम पर ठग कर जमीन खरीदा जा रहा है, ऐसा नहीं बोला जाता है कि हम प्लांट लगायेंगे तो दलाल भेजते है, जमीन का दलाल भेज दिये और आदिवासियों के जमीन को किसी अन्य आदिवासियों के नाम पर खरीद रहे है। यहा जो जनसुनवाई हो रही है वो कानून के नियम के विरूद्ध है। आस–पास के 10–12 गांव उद्योग से प्रभावित है। मैं पुनः बोलना चाहुंगा की जब कोई पलांट लगता है तो ई.आई.ए. रिपोर्ट जो होती है वो सभी सरपंचो को उपलब्ध कराया जाता है ग्रामपंचायत में फिर

प्रभावित गांव अपने ग्रामसभा में उसको पारित कराती है यही 10–12 गांव में दो तिहाई बहुमत से अगर सभी गांव वाले टोटल 10 गांव वाले कम से कम अगर अपने ग्रामसभा में पारित करते है तब जनसुनवाई को आगे बढ़ाया जाता है लेकिन इसका भी नियम पालन शासन द्वारा नहीं किया गया है। शासन, प्रशासन, उद्योग मिलकर क्या पता क्या करना चाहती है हम तो उम्मीद कर सकते है कि शासन हमारा बात सुनेगी और आज हम सभी यहा बैठे रहेंगे जब तक शासन हमारे साथ न्याय नहीं करेगा। हम न्याय लिये बीना यहा से नहीं जायेंगे, यहा पर हम लोग शाम तक बैठ गये, काफी ज्यादा इस प्लांट का विरोध हुआ है, पहले तो इस प्लांट को निरस्त कर न्यायालय लेकर जायेंगे। हमारे गांव का जवान सिपाही जिसकी मृत्यु हो गई है गौरीशंकर पटेल जी का ये जनसुनवाई निरस्त होगी उसके लिये सच्ची श्रधांजली होगी। आज मैं 10 किलोमीटर के रेडियस के सभी आस–पास के गांवा वालो को अनुरोध करता हूँ की यहा आ जाये और विरोध प्रदर्शन करते ही रहेंगे चाहे 10 दिन और लगे, जब तक निरस्त नहीं होगी, जब तक उसके परिवार को उचित मुआवजा और 01 सरकारी नौकरी का आश्वासन यहा से नहीं मिलेगा तब तक हम यहा से नहीं जायेंगे। रायगढ़ जिले को स्टील सीटी कहते है उद्योग वाले यहा प्लांट का मायाजाल बहुत पहले से चल रहा है, यहा इतना सारा प्लांट है की आज हमारे नदियों का पानी सारा पानी सोख चुकी है कोई भी नदियों में पानी और बालू नहीं बचा है। अब यहा एक और पलांट लगेगा, स्पंज ऑयरन, पॉवर प्लांट, आयरन ओर स्टील प्लांट, कहा से हम लोग पानी लायेंगे। अगर इस तरह से पलांट बसता रहेगा तो हमारी स्थिति हरियाणा जैसी हो जायेगी, राजस्थान जैसी हो जायेगी। हम लोगो को जैसे आक्सीजन सिलेण्डर खरीदना पड़ता है वो सके तो हम लोगो को पानी भी खरीदना पड़े आक्सीजन के रेट में। कम से कम यहा की जलवायु, जल स्त्रोतो को देखते हुये जनसुनवाई को निरस्त कर देनी चाहिये। हम लोग पुरजोर विरोध कर रहे है इसका की जनसुनवाई निरस्त हो जाये। यहा आस–पास बहुत सारे जंगल है, छोटे–छोटे जंगल है, आपके पीछे तरफ बड़ा जंगल है, इस जंगल में कई सारे वन्यप्राणी है जिनको प्लांट के आने के बाद, पेड़ कटने के बाद अपना आशियाना खाना पड़ जा रहा है। किसी व्यक्ति के लिये घर उतना ही महत्वपूर्ण है जितना जानवरों को उनके घर के लिये महत्वपूर्ण है। दोनो के घर के कोई अंतर नहीं है, उसका घर उजड़ रहा है और आप लोग देख रहे है तो किसी का घर उजाड़ने का पाप मत लीजिये मैडम, ये घर उजड़ जायेंगे तो वो बेघर हो जायेंगे आप मानवता के आधार पर इस जनसुनवाई को निरस्त कर दीजिये और एक बार फिर से जानकारी लीजिये मैडम 10 किलोमीटर के रेडियस में कितने गांव आते है उसका पुरा वायुमण्डल, पर्यावरण स्थिति की जानकारी लीजिये, वहा के रोजगार की जानकारी लीजिये, वहा के किसानों की जानकारी लीजिये, वहा के पढ़ेलिखे लोगो की जानकारी लीजिये, अगर आपको अच्छा लगता है कि यहा उद्योग होना चाहिये तो बिलकुल आप उद्योग लगाने का अनुमति दीजिये नहीं तो हम तो चाहते ही नहीं है की यहा उद्योग लगे। यहा जिस तरह विरोध का लहर उठ रहा है आप लोगो को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये इसको निरस्त कर यहा से उठ

कर चले जाना चाहिये लेकिन मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि इतना समय क्यों लग रहा है, हम लोग सब विरोध ही कर रहे है, इतने देर में विरोध और समर्थन जांच कर लीजिये विरोध ज्यादा है और आपको अभी तात्कालिन परिस्थिति में कितने समर्थन और विरोध हुये है इस हिसाब से आपको तत्काल इस जनसुनवाई को निरस्त कर देना चाहिये। हम लोगो का यह मानना है कि जब यहा प्लांट लग रहा है तो यहा पुराने जो जमीन घोटाले हुये है उसमें जो प्रकरण न्यायालय में अभी तक लंबित है उनका फैसला तो आ जाने दीजिये मैडम और उस न्यायालय में प्रकरण लंबित है और उसका आदेश आ जाता है, फैसला आ जाता है तो उसके बाद जनसुनवाई का इंतजार करना चाहिये प्लांट वालो को, इतना क्या जल्दी है प्लांट लगाने का, न्यायालय मजबुर है या प्लांट वाले मजबुर है मुझे इस बात का समझ नहीं आ रहा है की कौन मजबुर है नहीं तो मुझे तो लगता है हमारा भारतीय संविधान पुरे विश्व में सबसे अच्छा और सबसे बड़ा संविधान है। जब हमारे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने भारत का संविधान लिख रहे थे तब उन्होने उद्योग के लिये भी, स्थानिय रोजगार के लिये भी और यहा की जलवायु और प्रदूषण के लिये भी स्पष्ट आरक्षण अपने संविधान में दर्ज किया है। उन्होने जब संविधान लिखा था तो इस सब कानूनों के बारे में सब को जानकारियां दी थी, हमको जरूरत है, हम तो अनपढ़ है, आप तो पढ़े–लिखे और कानून के ज्ञाता है आपको बाबा साहेब के संविधान का वास्ता की आप बाबा साहेब के संविधान को परिपालन करते हुये जब तक किसी विवाद में कोई जमीन है, कोई प्लांट है तब तक वहा किसी भी प्रकार का आदेश सक्रिय नहीं होना चाहिये। आपको समझना चाहिये जब तक ये जमीनों का घोटाला है या प्लांट के मुआवजे का घोटाला है या ई.आई.ए. रिपोर्ट का घोटाला है किसी भी प्रकार का प्रकरण जब तक न्यायालय में लंबित है, मैडम एस.डी.एम. साहब तो यहा पर है उनके खरसिया क्षेत्र के राजस्व में उनके न्यायालय में प्रकरण दर्ज है सभी न्यायालय के प्रकरणों को यहा लेकर आना चाहिये था यहा आदेश दिये आप तो यहा इस जिले का मुखिया है, हम लोग गुहार लगाने आये है, हम लोग जिले के मुखिया से निवेदन कर रहे है, न्यायालयिन प्रक्रिया के प्रकरण के दस्तावेज को यहा मंगवाईये, अगर कुनकुनी जमीन में, प्लांट में कोई भी न्यायालय में प्रकरण नहीं है तो इस जनसुनवाई को करवाना न्यायोचित होगा, अगर प्रकरण लंबित है तो संविधान के अनुसार इसको आपको निरस्त करवाना चाहिये ये हमस ब की मांग है। यह हम लोग बार–बार बोल रहे है मुआवजा देना चाहिये, यहा प्रकरण दर्ज भी नहीं हो रहा है जबकि यहा पर हो गया है तो आपको तत्काल निर्देश देना चाहिये, आप लोगो को उसके परिवार वाले से आशिर्वाद मिलता अगर आप माईक उठा कर बोल देते सबसे पहले इस घटना की जांच हो, पटवारी यहा प्रतिवेदन बनाये, यहा घटना स्थल में क्या हुआ है, कैसे हुआ है उसके बाद ये जनसुनवाई होना था, आप डेट को आगे बढ़ा देते तो ना तो प्लांट बसने से बच जायेगा, ना तो प्लांट निरस्त हो जायेगा, लेकिन आपसे उम्मीद है, आप हमारे जिले के मुखिया है, आप न्यायपालिका की न्यायधीश है हमारे लिये, आपको न्यायालय करने के लिये न्याय करने के लिये कोई दबाव नहीं है, तो मुझे तो पता नहीं चल रहा है कि आप किस

दबाव में की न्याय नहीं कर पा रहे है। मैं राजनीति की बात नहीं करूंगा क्योंकि राजनीति की बात करूंगा तो बुरा लग जायेगा। हमारे स्थानिय विधायक और मंत्री आज पता नहीं मैं मंच के माध्यम से बोलना चाहुंगा क्यों नहीं आ रहे है यहा की जनता ने 96 हजार वोट दिया है उमेश पटेल जी को और ओ.पी. चौधरी जी को 84 हजार वोट दिया है, आज ये जनता जानना चाहती है कि आज उमेश पटेल या ओ.पी. चौधरी या उनका कोई प्रतिनिधी यहा पर विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं कर रहे है, यहा जनता के लिये क्यों नहीं खड़े हुये है। परसो का इस नेशनल हाईवे में 03 लोग की मृत्यु हो गई है चौथा अस्पताल में है। आप पेपर में आया है कि हमारे सक्रिय मंत्री और विधायक रायपुर से आ रहे थे उनके पास चले गये आज यहा मृत्यु हुई है कहा है विधायक और मंत्री। आज इतने बड़े क्षेत्र की इतना बड़ा प्लांट लगने वाला है कहा है हमारे मंत्री। आज हम लोगो ने चुना है कि वो जनता का प्रतिनिध बने आज उनको आना चाहिये था उनका घर मात्र 05–07 किलोमीटर में है यहां, उनको समय नहीं मिल रहा है एक आदमी की जान चली गई, यहा सैकड़ो लोग बेरोजगार बैठे है, लंबित हो गया है मामला। 10 किलोमीटर दूर है मैडम उनको कम से कम विरोध या बोल कर आ जाते कि मैं मंत्री इस प्लांट का समर्थन करता हूँ या विरोध करता हूँ इतना कम से कम बोलना चाहिये था। मैडम आप जवाब दीजिये और नैतिक जिम्मेदारी होने के नाते निरस्त कर दीजिये आपको आशिर्वाद मिलेगा। 10 किलोमीटर के रेडियस में किसी भी जनप्रतिनिधि को आपने ई.आई.ए. रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराया है। माताजी के भावनाओं का कम से कम आप सम्मान कीजिये। मैडम काफी विरोध हो गया है समर्थन बहुत कम हुआ है, यहा सभी लोग चाहते है कि यहा प्लांट नहीं लगना चाहिये, आपको नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये इसका निरस्त कर देना चाहिये। आप निरस्त कीजिये, न्यायालय में जो प्रकरण है उसको आप ऊपर आदेश ना हो जाये उसके बाद हम लोग फिर से जनसुनवाई में आयेंगे। यदि प्लांट लगना हमारे लिये न्यायप्रिय हुआ तो हम लोग जितने लोग विरोध कर रहे है फिर से समर्थन करेंगे लेकिन न्यायप्रिय होना चाहिये। ये जनसुनवाई को इसलिये भी निरस्त करनी चाहिये मैडम कि जनसुनवाई के नियम में स्पष्ट उल्लेख है पर्यावरण वन मण्डल, 14 सितम्बर 2006 के अनुसार यह स्पष्ट नियम में लिखित है यदि आप जनसुनवाई करते है तो 10 किलोमीटर क्षेत्र के सभी दिवाल लेखन, समाचार पत्र, कोटवार द्वारा मुनादी, पटवारी द्वारा प्रतिवेदन ये सब करवाना पड़ता है उसके बाद ही जनसुनवाई का आदेश दिया जाता है इस नियम का भी पालन नहीं किया गया है। कंपनी जल जनसुनवाई करती है तो 10 किलोमीटर के क्षेत्र के सभी गांव में मुनादी, पटवारी प्रतिवेदन, दिवाल लेखन, समाचार पत्र के माध्यम से सब को अवगत कराती है सभी जनप्रतिनिधि चाहे विधाक हो, मंत्री हो, सरपंच हो चाहे पंच हो, पार्षद हो, चाहे नगर पालिका का अध्यक्ष हो सभी को ई.आई.ए. रिपोर्ट जो आपको प्रेषित किया गया है वो कंपनी और आपकी भी जिम्मेदारी है कि सभी गांव के जनप्रतिनिधियों को आप लोग मुहैया करवाते लेकिन यहा इतने लोग है किसी के पास जांच का रिपोर्ट है क्या भाई। राष्ट्रीय हरितक्रांति प्राधिकरण द्वारा भी शिवपाल भगत के केस के मामलें में भी एक आदेश आया है कि रायगढ़ जिले

में जब तक पर्यावरणीय अध्ययन नहीं किया जाता है तो किसी भी उद्योग विस्तार को अनुमति नहीं दी जायेगी तो इसका कोई प्रमाण है कि इसका भी आप लोगो के पास प्रश्न है या जवाब है। माननीय शिवपाल भगत के आदेश में स्पष्ट है कि रायगढ़ का पर्यावरणीय अध्ययन करने के बाद ही किसी उद्योग का विस्तार या नया उद्योग लगने के लिये आदेश किया जायेगा इसकी जानकारी आपको है कि नहीं मैडम? इसको भी नोट कर लीजिये। यह क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र है और ये 5वीं अनुसूची में आता है और यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। ये कुनकुनी में जो जनसुनवाई हो रही है यहा मैं बार–बार कह रहा हूँ यहा 170ख लागु है, एस.डी. एम. साहब यहा मैजुद है उनके यहा प्रकरण है तो आप बगल में बैठे है उनको बोल दीजिये अगर न्यायालय में प्रकरण लंबित है तो किस आधार पर जनसुनवाई हो रही है, आप इसमें भी ध्यान दीजिये की जब तक प्रकरण लंबित है तो जनसुनवाई का किसी भी प्रकार का यहा आयोजन नहीं होना चाहिये। अगर ये कंपनी बस गया तो यहा बहुत ज्यादा बड़े–बड़े बोर लगाये जायेंगे पानी खीचने के लिये, रायगढ़ जिले में पहले से ही 100 से ज्यादा फैक्ट्रीया है जिसमें भू–जल दोहन लगातार इनके द्वारा किया जा रहा है, अब यहा नया प्लांट बसेगा आप भी जान रहे है मैडम यहा बोर खनन होंगे, भू–जल दोहन अभी से 10 गुना ज्यादा बड़ जायेगा, यहा के नागरिकों को, यहा के किसानों को फिर से जल संकट एक भारी मात्रा में इनको प्रभावित करेगा, कम से कम भू–जल दोहन के कारण इस जनसुनवाई को निरस्त कर देना चाहिये। मेरा दूसरा प्वाईंट है सी.एस.आर., सी.एस.आर. का जो फंड होता है, सी.एस.आर. जो कंपनी चलाती है, सी.एस.आर. का जो नियम है प्रोडक्शन का 05 प्रतिशत पैसा, प्रोडक्शन से लाभ हुआ 05 प्रतिशत पैसा को जनकल्याणकारी कार्यो में कंपनी द्वारा लगाया जाने का नियम है, यहा रायगढ़ में इतने सोरे फैक्ट्री है अभी तक वो किसी भी कंपनी में 05 प्रतिशत जनकल्याणकारी कामों में नहीं लगाया है अपना पैसा तो ये कंपनी लगायेगी इसकी क्या गारंटी है। यदि आप लोग गारंटी लिखकर दे यहा कंपनी के अधिकारी है लिखित में अगर गारंटी देंगे कि हम लोग 05 प्रतिशत जनकल्याणकारी में लगायेंगे तब ये जनसुनवाई आगे बढ़ेगा, आज तो निरस्त होना तय है, आज तो निरस्त करवा कर ही जायेंगे, क्योंकि हमने 03 बिन्दुओं पर विरोध दर्ज किया हैं। कम से कम जो यहा न्यायालय में यहा की जमीन का प्रकरण चल रहा है उसके हिसाब से आपको लगता है कि यहा जनसुनवाई होना चाहिये था तो बिलकुल ठीक है लेकिन न्यायालय में एक भी प्रकरण दर्ज है तो मैं कल फिर से एस.डी. एम. साहब को इसके लिये आवेदन दूंगा।

552. – यहा जब गौरीशंकर बैठा था अगर एंबुलेंश होता तो शायद उसकी जान बच जाती। उस व्यक्ति के परिवार को 25 लाख मुआवजा तत्काल देना होगा, अभी हाल ही में तीन व्यक्ति की जान भी गई है मैं हाथ जोड़ता हूँ कि इसको निरस्त करों।

553. देवकी डनसेना – जितने भी हमारे गांव में बेरोजगार है उन लोगो को कंपनी अगर काम देना चाहती है तो हम इसके लिये सहमत है।

554. भोजकुमारी डनसेना – जितने भी बेरोजगार है उनको नौकरी देंगे तो मैं सहमत हूँ।

555. सुखमती बाई राठिया – कंपनी का विरोध है।

556. डनसेना – कंपनी का विरोध है।

557. ये लोग जो बोल रहे है जिसका ज्यादा जमीन है बोले कि जमीन को देंगे या नहीं देंगे।

558. मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड का कुनकुनी, तहसील–खरसिया, जिला–रायगढ़ की जनसुनवाई विरोध करने बाबत्। विषयांतर्गत लेख है कि निम्नलिखित बिन्दुओं को लेकर हम रायगढ़ जिले के ग्राम–कुनकुनी, तहसील–खरसिया, जिला–रायगढ़ मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड की जनसुनवाई का विरोध करते है। जैसे की अभी सब ने बताया बहुत सारे बिन्दुओं पर बात किया तो मैं जिस बिन्दु पर कहने जा रही हूँ वह राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली के शिवपाल भगत के केस में आदेश दिया गया है कि जब तक जिला रायगढ़ में पर्यावरणीय अध्ययन नहीं किया जाता तब तक नये उद्योग, खदानों एवं पुराने उद्योग एवं खदानों के विस्तारों की अनुमति नहीं दी जा सकती इस पर जनसुनवाई का कोई भी आधार ही नहीं है। इस क्षेत्र के लोगो को जीवन यापन करने के लिये जंगलों से तेंदूपत्ता, महुआ, हर्रा, बेहरा, ऑवला जैसे उत्पादन प्रभावित होने के कारण रोजगार पर सीधा प्रभाव पड़ेगा जिससे लोगो में रोजगार के लिये पलायन करना होगा इसलिये आज का आयोजित होने वाली जनसुनवाई को हम व्यापक पैमाने पर विरोध करते है। हम लोग बाहर खड़े हुये थे तो एक भाई ने पुछा, यहा उद्योग होगा तो 300 लोगो को उद्योग मिलेगा तो मैं पुछना चाहती हूँ कि इस गांव में मात्र 300 लोगो को ही रोजगार चाहिये। क्योंकि यहा के गरीब आदिवासी लोग अपनी जमीन दिये है किसी को ठगा गया है किसी से पैसे अत्यधिक देकर उनको बहलाया–फुसलाया गया है, और आज जिस जमीन पर खड़ा होना चाहता है वो भी जमीन एक गरीब आदिवासी व्यक्ति की है। आप जैसे मुस्कुरा रहे थे वैसे माईक उठा कर इनको जवाब दीजिये, क्यों चुप है आप लोग, हम लोगो को जवाब चाहिये और भाई लोग जिनको मुआवजा चाहिये वो भी अभी और इसी वक्त ही चाहिये। आप लोग कुछ नहीं बोले हो, आप लोगो का टाईम है 05 बजे तक, जैसे सर अभी बार–बार कह रहे थे कि मैडम आप लोग चुप क्यों है, 05 बजे तक टाईम है आप तो चुप रहेंगे ही ना, 05 बजे तक का आपको समय निकालना है, और सर आप हमेशा ऊपर ही देखीये, गरीबो को भी देख लीजिये थोड़ा सा, यहा कौन संतुष्ट है यहा प्लांट खुलने से उनकी सुनिये प्लांट वालों की मत सुनिये, गरीबो की सुनिये क्योंकि जिन गरीबो की आप नहीं सुन रहे है उसी के धरतीमाता पर प्लांट खुल रहा है वो बिलकुल नहीं खुलने देंगे और हम उनके साथ है और कंपनी का, इस जनसुनवाई का विरोध करते है।

559. मेसर्स सार स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड का कुनकुनी, तहसील–खरसिया, जिला–रायगढ़ की जनसुनवाई विरोध करते है। मैं कुछ बिन्दु को लेकर विरोध करना चाहुंगी मैडम, इस कंपनी के स्थापित क्षेत्र के अंदर कई आदिवासी जमीन को गौर आदिवासीयों के नाम से फर्जी तरीके से ली गई है। इस तरह कई प्रकरण जिला

रायगढ़ के न्यायालय में चल रहे है जिसका निर्णय आज तक नहीं हो पाया है इन परिस्थितियों में हम सार स्टील एण्ड पॉवर प्लांट का ग्राम–कुनकुनी, तहसील–खरसिया, जिला–रायगढ़ के अनुमति का विरोध करते है। रायगढ़ जिले में दर्जनों उद्योग स्थापित है जो स्थानिय लोगो की जमीनों पर लगाये गये है। उद्योगो द्वारा भू–अधिग्रहण कर स्थाई रोजगार मुहैया कराने का वादा करती है, परन्तु आज पर्यन्त तक कोई भी प्लांट, कंपनी स्थानिय रोजगार अधिनियम के तहत स्थानिय लोगो को रोजगार नहीं दे पाई है और उनका जमीन लेकर किसी आजिविका भी समाप्त कर दी गई है जिससे स्थानिय लोगो भटक रहे है। अतः श्रीमान जी से निवेदन है दिनांक 20.01.2023 को आयोजित होने वाली जनसुनवाई को हम व्यापक पैमाने पर विरोध करते है एवं राज्य सरकार, जिला प्रशासन से अनुरोध करते है कि तत्काल प्रभाव से इस जनसुनवाई को निरस्त किया जाये और मैं साहू सर से ये बोलना चाहूंगी की मैं अभी 03 जनसुनवाई में गई हूँ रूपानाधाम वाले में आई, कोसमपाली वाले में आई और अभी भी आई हूँ। सर मैं हमेशा आती हूँ और आप ऊपर ही देखते रहते हो मैं ये कहना चाहती हूँ कि सर अगर आपका गर्दन अटक गया होगा तो मैं इलाज कराने को सक्षम हूँ, कुछ तो बोलिये सर, सब जनता जानना चाहते है, मैडम भी बोल लिये हम आपके जवाब जानना चाहते है कुछ बोलिये, यहा जनता आवाज दे रहे है अपने काम के लिये, जमीन के लिये, यहा पर सब रह रहे है उसके लिये आप कुछ तो बोलिये सर। मैं इस जनसुनवाई का पूर्ण रूप से विरोध करती हूँ।

560. – हमारे इस खरसिया क्षेत्र में और रायगढ़ क्षेत्र में इतनी कंपनिया आ गया है हम लोगो को सास लेना मुश्किल हो रहा है। दूर्ग–भिलाई जैसे हम लोगो को आक्सीजन खरीदना पड़ेगा और जो आक्सिजन लेकर हम अपना जीवन यापन करेंगे मैडम, इतना उद्योग यहा बस चुका है। यहा देखीये हमारे रेल्वे स्टेशन राबर्टशन में यहा कोयला रोज लोडिंग कराया जा रहा है, हमारे क्षेत्र को प्रदूषित कर रहा है, यहा कोल वॉशरी है वो भी प्रदूषित कर रहा है, यहा वेदांता वो पुरा प्रदूषित कर रहा है, चपले में स्काई है, दर्रामुड़ा में एस.के.एस. है और नहरपाली में मोनेट कंपनी है, इतना ज्यादा हमारे जमीन को ले चुके है और हमारे सिर में बैठायेंगे क्या? मैं आपको पुछ रहा हूँ मैडम। आप भी एक मनुष्य है, आप भी पढ़े–लिखे है आप जानते है पर्यावरण के बारे में, आप पर्यावरण के नुकशान के बारे में जानते है, मॉ धरती के नुकशान के बारे में जानते है, आप सब जानते है मैडम पढ़े–लिखे है, हमारा कितना गरीब लोगो का नुकशन हो रहा है मैडम, हमारे आदिवासियों का नुकशान हो रहा है, हमारे किसानों का खेत बंजर हो गया है, यहा से जब डस्ट प्रदूषण उड़ेगा तो हम उस जमीन को आज खेती–बाड़ी कर रहे है वहा कोई फसल नहीं होगा मैडम, हमारा परिवार, आने वाला पिढ़ी धान, चावल नहीं पायेगा उसको स्टील और लोहा खाने को मिलेगा मैडम। क्या हम खरीदकर स्टील, लोहा खायेंगे, हम लोग खरीद कर हवा पियेंगे, हमारा वातावरण प्रदूषित हो गया है मैडम। आप एक नारी है और नारी की शक्ति ब्रम्हाण में सबसे आगे है। मैडम आप अगर चाहती है कि ये जमीन हमारे गरीब लोगो को मिले, विरोध करने वाले को मिले, इनके पक्ष में मिले तो ये पक्ष में आप सही निर्णय

करीये, हमारा दील जल रहा है, हमारा शरीर जल रहा है, मॉ की पुकार ऑप सुनिये आप एक नारी है, अगर ये पैसे देकर बुलाये रहते तो हम चिखते नहीं है, हमारा कलेजा फड़फड़ा रहा है आप सही निर्णय लीजिये और इस कंपनी को बिलकुल निरस्त कराईये, हमारे पक्ष में निरस्त कराईये और हमारे पुरे जनसमुह है उनको आप एक सफल वातावरण देकर इनके जीवन को जीवनदान दीजिये मैडम। मैं इतना कहना चाहता हूॅ कि हमारा क्षेत्र आप जान रहे है इतना प्रदूषित हो गया है कौन नहीं जानता, आप लोग पढ़े–लिखे नहीं है, आप लोग पढ़े–लिखे है तभी हमारे सामने बैठे है, हम लोग गवार की भांती, भेड–बकरी की भांति इधर–उधर छकाया जा रहा है, पैसे से खरीदा जा रहा है, सब लोगो को डराया जा रहा है। आपसे मैं निवेदन करना चाहता हूॅ मैडम हमारा पुरा क्षेत्र प्रदूषित हो गया है मैडम। आप रोजगार देना चाहते है, हम रोजगार के लिये सहमत है, युवा बेरोजगार है आप उसको रोजगार प्रशासन में दीजिये, आपके छत्तीसगढ़ में दीजिये, आपके जिलो में दीजिये। आप ये कंपनी लगाना चाहते है इसको जाईये बस्तर में लगाईये, जाईये नारायणपुर में लगाईये, जाईये कोंडागांव में लगाईये, जाईये वहा कवर्धा में लगाईये, जहां बेरोजगार है युवा वहा लगाईये, वहा उनको रोजगार दीजिये कौन कहता है रोजगार नहीं देना है। मैडम यहा हमें रोजगार नहीं चाहिये हमारे क्षेत्र में 10 कंपनी को देखे है, 10 कंपनी ने झुठे वादे करके गांव को बरगलाया है यहां, बोलते है लगते समय हम रोजगार देंगे और यहा यू.पी. बिहार वाले को आकर इंजिनियर, ठेकेदार और हमें झाड़ु मरवाते है। हम एम.ए., एम.एस.सी., एल.एल.बी. वाले झाड़ु मारेंगे, यहा के स्थानिय, हमारी धरती माता और इन लोग राज करेंगे और मैं नौकर बनकर उनका यहा पर। मैं ऐसे जनप्रतिनिधि को धीक्कारता हूॅ हमारा जमीन और वो लोग राज करे और हम लोग नौकर का काम करे ऐसे जन प्रतिनिधियों को धीक्कारता हूॅ जो आज यहा पर जनसुनवाई में विरोध करने के लिये नहीं आये है, वोट मांगने के लिये अवश्य आयेंगे और ज्यादा हुआ तो मेरा एफ.आई.आर. कराकर वहां रायगढ़ डाल देंगे, ऐसा भी हो सकता है भाईयो। मैं जान रहा हूॅ मेरे प्रति पुरा षड़यंत्र और मेरी बहन यशोदा है जो कुनकुनी की एक आदिवासी लड़की है, एक पत्ली सी लड़की है उसका मनोबल देखीये, इस जमीन के लिये जीवन को दाव में लगाकर रायपुर, बिलासपुर हाईकोर्ट से लेकर हर कोर्ट में लड़ाई लड़ रही है फिर भी ये असंवैधानिक कराते है आप लोग। ये भी सत्य है यहा प्रकरण लंबित है उसके बाद भी हम लोगो को गाय–भैस समझते है आप लोग। हम लोग वहा जायेंगे, जनसुनवाई करवायेंगे, सफल हो जायेगा, वह लग जायेगा और वो लोग प्रदूषण खायेंगे, बीमारी में मरेंगे और उसके लिये छोड़ देंगे आप लोग। आप लोग कितना साल करते है यहा, रायगढ़ में करेंगे, खरसिया में करेंगे ड्यूटी, 03 साल करेंगे, 2.5 साल करेंगे, 05 साल करेंगे, हम यहा के आदिवासी स्थानिय लोग कहां जायेंगे, यही पर मरेंगे, बीमारी से मरेंगे, कैंसर से मरेंगे, दमा से मरेंगे, किडनी से मरेंगे, फेल होकर मर जायेंगे, आप लोग चले जायेंगे हसते–हसते, हम लो यही पर रहेंगे रोते–रोते। मैं यह कहना चाहता हूॅ मैडम मेरे दिल और ऑख सभी से आग निकल रहा है, मेरे साथ इस क्षेत्र पुरे माताये, बहने है जिनके एकलौते बेटे कल–परसो 4 एक्सिडेंट हुआ

जिसमें वेदांता के गाड़ी ने कुचल, कुचल करके बोटी–बोटी कर दिये, जैसे भेड़–बकरी की तरह मटन बनाते है उसी तरह उनका हाल हो गया, उनको झाउ में लेकर के उनका अंतिम संस्कार किये मैडम, जो 04 हमारे युवा साथी है उनको भी मुआवजा मिलना चाहिये और हरिशंकर जो पटेल है ग्राम–दर्रामुड़ा का जिसका आज हृदयघात से यहा आपके जनसुनवाई में उसका जो मृत्यु हुआ है उसके लिये मुआवजे का घोषड़ा करेंगे आप, परिवार को सहायता देंगे। अप लोग जनसुनवाई किये है असंवैधानिक रूप है ये। ये जो जमीन है लंबित है प्रकरण अभी भी लेकिन आप लोग चले आये है, शासन का ये आदेश है, आदेश को पुरा करना है और आपको सफल बनाना है, हम जानते है हम चले जायेंगे ये सफल हो जायेगा, ये लोग सफल कर देंगे हम जानते है, रातो रात इसमें दर्ज हो जायेगा विडियो कांफ्रेसिंग, रातो रात दस्तखत मार देंगे ललित कुमार पटेल, हिरालाल पटेल, यशोदा बाई यादव ऐसे सब कुछ कर लेंगे हम लोग जानते है तो आप लोगो से निवदन करना चाहता हूँ आज हमारा विरोध यहा पूर्ण रूप से 90 प्रतिशत है और ये कंपनी हम लोग नहीं चाहते है, हमारे क्षेत्र में जो आने वाले लोग है उनको शुद्ध हवा मिले, शुद्ध पानी मिले, शुद्ध माटी मिले और शुद्ध भोजन कर सके ये हम लोग चाहते है मैडम। आपसे निवेदन करते है आप हमारे पक्ष में दीजिये। हम आशा करते है आप मॉ है और मॉ सब कुछ जानती है, बच्चो के बारे में जानती है, पर्यावरण के बारे में जानती है, परिवार के बारे में जानती है। मैं आपसे आशा करता हूँ कि हमारे पक्ष में दीजिये।

561. श्यामलाल राठिया, चपले – आज जिस जगह पर कार्यक्रम हो रहा है उसी जगह का मैं मालिक हूँ। ये जो जगह है इसी जगह में मेरा जमीन है, मैं पहले भी आया था। इसमें जो कंपनी वाली बात है तो ये जो कंपनी है इसमें अपना–अपना कंपनी वाले अपने ही हिसाब से बातचित करते है, किसान के, गरीब के, आदिवासियों के, हरिजन के, पिछड़े वर्ग का कोई बात भी नहीं होता है क्योंकि ये कंपनी है, कंपनी कानुन अलग होता है, जैसे हम विदेश में जाते है तो कंपनी कानुन अलग होता है तो इसमें भारत के अंतर्गत कंपनी कानून कोई नहीं है, यदि कंपनी कानून है तो मेरे को बता दीजिये क्योंकि मैने भी संविधान में पढ़ा है और पढ़े–लिखे के हिसाब से मैने निःशुल्क 19 साल तक लेक्चरर पालिटिकल साईंस में हायर सेकेण्ड्री स्कूल में मैं पढ़ाया हूँ, आज तक मैं निःशुल्क सेवा करता हूँ और अभी तक नटवर हाई स्कूल में मैं कॉपी जांचने जाता हूँ। मेरा भी सौक था कंपनी कानून के बारे में बताये इसिलिये मैं आकर खड़ा हूँ। कंपनी कानून अलग होता है लेकिन हमारे भारत में ये कंपनी कानून अलग से नहीं होता है, जैसे विदेश में जाते है तो हमे दोहरा नागरिकता मिल जाता है लेकिन भारत में दोहरा नागरिकता नहीं है। मैं बोलना चाहता हूँ कि रायगढ़ जिला के अंदर बहुत सारे क्षेत्र है जिसमें कितना ना कितना कंपनी बैठ गया है, इस कंपनी के अंतर्गत कितना प्रदूषण हो रहा है उसमें औसतन जैसे लगाते है शिक्षा की दृष्टि से तो शिक्षा की दृष्टि से हम लोग आकलन करते है तो बहुत ज्यादा हुआ है, जैसे जोशी मठ इसका उदाहरण है ऐसे ही आक्सीजन, कार्बनडाई आक्साईड फट जाता है तो वो आकाश में जाकर ब्रम्हाण में जाकर इसको मैं बोल रहा हूँ, ब्राम्हाण में जाकर क्या होगा उसका आकलन

नहीं लगा सकते, ना ही हमारे वैज्ञानिक लगा सकते है और ना कोई लगा सकता है। इसलिये मैं विरोध करना चाहता हूँ।

562. – मेरा आपसे सवाल है, क्या आपका घर प्लांट एरिया में है क्या 01–02 किलोमीटर के रेंज में। आप सभी यहा अधिकारी लोग है आप लोगो का घर, परिवार प्लांट एरिया में है क्या? हमारे यहा 03–04 प्लांट है और 05 बैठा रहे हो, आप सुबह देखना, शांम देखना कितना डस्ट घर में पड़ा रहता है। मेरा घर यहा से 03 किलोमीटर दूर है, डस्ट वहा तक फैलता है और यहा पर 05 बैठाने के लिये जनसुनवाई करवा रहे हो ये क्या है? आप लोग पढ़े–लिखे लोग आप में समझ होना चाहिये एक लाईन में आपको निरस्त कर देना चाहिये। यहा समझते तो प्लांट यहा 01–02 किलोमीटर के अंदर थोड़ी ना बैठता। 04–05 प्लांट बैठ गये है, मेरे घर 02 किलोमीटर दूर में है, यहा साईडिंग से डस्ट उड़ रहा है मेरे घर में जाता है। मेरा 10–15 डिसमिल का खेत है जमीन है हम लोग क्या करेंगे। आप लोग प्लांट बैठा रहे हो सभी तरफ से घेर ले रहे हो, डस्ट में हम जियेंगे कि मरेंगे आप ये बताओ, कि मेरा बात सही है या गलत है ये बताओं आप। ऐसा थोड़ी होता है, शासन–प्रशासन यही चल रहा है सब लोगो का, उनको मौका दिया जाये, उनको मौका दिया जाये लास्ट में कुछ नहीं होगा। आप जो भी नोट कर रहे हो कुछ नहीं जायेगा। हमेशा प्लांट कही पर बैठता है उसके लिये बहुत जोर–सोर से विरोध होता है लेकिन कोई विरोध संपूर्ण नहीं होता है पुरा, इसको बदल दिया जाता है ये बात आप भी जानते है। सब चिज बदल जायेगा अभी कुछ देर बाद, घंटे, दो घंटे हम बोलेंगे इसके बाद सब चेंज हो जायेगा कौन किसका क्या सुनेगा, क्या नहीं सुनेगा उसको कोई नहीं देखेगा। अभी कुछ देर बाद मैं ही आपसे बोलूंगा कि मैं क्या–क्या चिज बोला हूँ आपको तो याद नहीं रहेगा। ग्रामपंचायत वाले यहा आये नहीं और जनसुनवाई स्टार्ट हो गया और खतम होने को है, ग्रामपंचायत का कोई नहीं है यहा पर, ग्रामपंचायत वाले को सुचना ही हीं मिला है। मैं भी प्लांट एरिया में ड्यूटी करता हूँ मुझको पता है प्लांट एरिया कैसे होता है, मैं कोई बहुत बड़ा इंजिनियर नहीं हूँ। आप किसी दूसरे के गांव में आये है बाकी इस गांव में गांव का मुखिया ही नहीं है, बिना गांव के मुखिया के आप लोग बैठक कर रहे है, जनसुनवाई हो गया।

563. सुंदर सिंह डनसेना, कुनकुनी – मैं यह कहना चाहता हूँ कि आज नियम, अधिनियम में आज जो 20 किलोमीटर में जो कंपनी का निदान है आज यही पर कोल वॉशरी हमारे कुनकुनी में वेदांता, यही पर हेक्सा पॉवर प्लांट और यही पर स्काई कंपनी। ये कंपनी बसा–बसा के, जुटा–जुटा के आप लोग जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, आज 02–03 दिन पहले 03 जवान लोगो का दर्दनाक दुर्घटना हुआ जो सी.सी. फुटेज में दिखा नहीं जब कोयला चोरी होता है तो 03 किलोमीटर तक दिखाता है सी.सी. टी.वी. लेकिन यहा दिन ब दिन दुर्घटनाये और आज हमारे जंगल में जो मजदुरी कार्ड में छत्तीसगढ़ के अरबो, खरबो लोगो को, भारत के प्राणीयों को जो तेंदुपत्ता विभाग में जब ये तेंदुपत्ता तोड़ते है तो यहां के जंगली ऑवला, फल–मूल, पत्ता

तोड़े जाते है तो आज हमारे जंगल में प्रदूषण आज कंपनी के चलते जो एग्रीकल्चर है किसानों के लिये बना है हमारे ये लोहा खान कुनकुनी पंचायत में यही रूकमणी पॉवर प्लांट शोषड़ कर रहा है जो किसानों के लिये बना है आज ये कंपनी में कोयला और पानी जलाकर विद्युत प्रोडक्ट में उपयोग कर रहे है तो कितने लोगो की आप जान लेंगे कंपनी खोल–खोल कर, कितने लोग मरेंगे। आज जो जयलाल हाईकोर्ट के लिये लड़ रहे थे जिसमें एस.डी.एम. सिविल 170ख और नंदकुमार साय भी जो हमारे पक्ष में थे आज 300 एकड़ जमीन 90 करोड़ का घपला आज तक निर्णय नहीं हुआ और कौन संविधान है कि सार स्टील प्लांट का यहा आगमन है, सार स्टील प्लांट की सुनवाई है, आज ये सुनवाई हम विवश है और आपको ये रद्द करना होगा, ये ढकोसला है, ड्रामा है ये जनसुनवाई का हम विरोध करते है। जो आज हाईकोर्ट में आज जो 300 एकड़, 90 करोड़ का जो घपला था जिसका केस प्रकरण अभी 170ख हाईकोर्ट में क्लेम है आज उनको ना मुआवजा मिला, ना नौकरी मिला, ना पैसा मिला। आज 01 एकड़ लेते थे 10 एकड़ चला जाता था, 02 एकड़ लेते थे 08 एकड़ चला जाता था, लास्ट में भू–अर्जन करके सभी यहा के दलाल लोग 01–02 लाख में खरीदे और 20–40 लाख में बेचे है। आज हमारे क्षेत्र में ये सार स्टील प्लांट जो 11 पंचायत और 22 गांव इसको कहने से हमारा डुमरपाली पंचायत और नवागांव कुछ भी नहीं बचेगा। हमारे जो राष्ट्रीय पशु–पक्षी है आज उनका जीना मुसकिल हो गया है, आज हमारे इस तालाब और नाला के पानी को हमारे गाय, बैल, भैस पी नहीं सकते आज ये पाईजन बन गया है, इसमें ईंशान भी जो नहाते थे नहीं नहा रहे है और ये टी.बी., कैंसर जैसे असाध्य रोगो से हम ग्रसित हो रहे है। यहा पर इतना बड़ा कंपनी है बायंग चौक में एक कोई आर.टी.ओ. ट्रैफिक पुलिस का कोई सिगनल नहीं है, कोई बोर्ड नहीं है जिसके कारण 01 सप्ताह में 03 एक्सिडेंट हो रहा है आज इसको कोई नेशनल हाईवे वाले, कोई हमारा डिविजनल विभाग, ये कंपनी को सोचना चाहिये। सभी लोग चाहते है हमारे 11 पंचायत और 22 गांव कि आज इतना दूषित हो चुका है ये गंदी नाली और जल प्रदूषण जिसमें आज हम मरने के लिये मजबुर है और जितना भी हादसा होगा, आज जयलाल को मार दिया गया जिसका हाईकोर्ट में निर्णय होने वाला था। आज यहा जो भी होगा उसका जिम्मेदार शासन, प्रशासन, सार स्टील कंपनी और वेदांता यही कंपनी रहेंगे क्योंकि आज हमार यह मौलिक अधिकार है, प्रजातंत्र है ना तो जमीन हम और देंगे और ना ही जनसुनवाई में समर्थन करेंगे, हम विरोध करते है। और आज हमारे बच्चे खरसिया जायेंगे, चपले जायेंगे, इंग्लिस मिडियम पड़ने जायेंगे। आज इस घटना में कही गोल चक्र नहीं है और हर 02 किलोमीटर पर कंपनी बैठाया जा रहा है। प्रदूषण से मर रहे है, जल प्रदूषण से मर रहे है और हमारा जंगल जो फारेस्ट विभाग है उसमें से तेंदू पत्ते और उसमें से वन्य बीज नहीं मिल पा रहा है जिससे हमारे आदिवासी लोग है पुरा प्रांगण है ये खरसिया विकासखण्ड जिसमें जीवन यापन रोजमर्रा से मर रहे है, सब अस्त, व्यस्त हो रहा है। आज यहा कितना जमीन चला गया, कितने किसानों ने जेले काटे है और यहा सार स्टील का हम विरोध करते है, हमे नौकरी नहीं चाहिये, पैसा भी नहीं चाहिये। हमारा स्वास्थ्य और हमारा

जमीन, शुद्ध हवा, शुद्ध पर्यावरण हमे चाहिये। जितने लोग है किसी को 25 लाख, किसी को 25 हजार का झुठी मुआवजा देते आ रहे है ना किसी को मिला है और ना किसी को मिलेगा। मैं चाहता हूँ हमारे सम्मानिय एस.डी.एम. साहब और हमारी मैडम ये जो न्याय की देवी है, पीठासीन अधिकारी हमारी महोदया मैं चाहता हूँ कि ये जितने भी कंपनी के वाहन है ना जाने कितने का जान लेंगे आप तो न्याय की मूर्ति है, इतने सारे हम विरोध कर रहे है, जिसको हमारा जीवन जीना मुसकिल है इसलिये मैं चाहता हूँ आप लोग इस जनसुनवाई को निरस्त करो।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 04:30 बजे कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये ज्वलंत मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी कंसलटेंट द्वारा बताया गया कि स्थानिय लोगो को योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जायेगा, फ्लाई ऐश को खुले में डंप नहीं किया जायेगा, कच्चे माल का परिवहन अधिक से अधिक रेलमार्ग द्वारा किया जायेगा, कुछ ही मात्रा का परिवहन रोड से किया जायेगा, ग्रामसभा का प्रस्ताव पारित कर अनापत्ति ली गई है जिसकी प्रति उलब्ध है, वायु प्रदूषण को रोकने का प्रयास कंपनी द्वारा किया जायेगा, जल अपशिष्ट को रिसायकल करके प्लांट के अंदर किया जायेगा। सार स्टील के चालु होने के बाद निकलने वाले पानी का उपयोग पेड़–पौधो में डालने के लिये किया जायेगा। ग्रामपंचायत कुनकुनी के विद्यालय में सी.एस.आर. के तहत पानी पिने की व्यवस्था टैंक द्वारा की जायेगी। सार स्टील द्वारा उपचार के लिये समय–समय पर संपूर्ण व्यवस्था की जायेगी। सार स्टील द्वारा आस–पास के गांव में सी.एस.आर. योजना के तहत विकास कार्य किये जायेंगे। सार स्टील ग्रामपंचायत कुनकुनी में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेगी। सार स्टील द्वारा निकलने वाले प्रदूषण के लिये नियमित रूप से जल छिड़काव किया जायेगा। भू–जल के लिये एन.ओ.सी. प्राप्त कर ली गई है, एन.ओ.सी. की वैधता 31 मार्च 2023 तक है। धन्यवाद।

सुनवाई के दौरान 07 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 03 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। लोक सुनवाई में लगभग 800–900 लोगों का जन समुदाय एकत्रित हुआ। उपस्थिति पत्रक पर 56 लोगों ने हस्ताक्षर किये। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई है। लोक सुनवाई में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद! आज की लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की जाती है।

(अंकुर साहू)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़

(संतन देवी जांगड़े)
अपर कलेक्टर
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)